तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025



मुख्य डाकघर के पास पेड़ छंटाई कर नहीं उठाने से जाम लगता रहा।



## खबर संक्षेप

### डेढ़ बजे से बंद लाइट 7 बजे लौटी, हलाकान

**बिलासपुर।** तिफरा क्षेत्र के सूर्या विहार और पाटनवार कालोनी में मंगलवार की दोपहर अचानक बिजली बंद हो गई। इस दौरान 100 से अधिक घरों में बिजली बंद रही लेकिन शाम तक बिजली नहीं आने के बाद उपभोक्ता हलाकान हो गए। शाम 7 बजे के करीब सप्लाई नार्मल हो सकी। बिजली बंद होने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। ना तो मौसम खराब है और ना ही बिजली का लोड बढ़ा है लेकिन बिजली लगातार बंद हो रही है। तिफरा क्षेत्र में दोपहर डेढ़ बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान दोपहर 1.30 बजे बिजली बंद हो गई, लोगों को लगा ट्रीपिंग के कारण बिजली बंद है लेकिन घंटे-दो घंटे तक बिजली नहीं लौटने पर बिजली कार्यालय में संपर्क किया गया, लेकिन तिफरा फ्यूज कॉल का नंबर नहीं लग सका।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** जिले के 18 वर्ष आयु तक के बालक-बालिकाओं को असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान करने 20 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित है। पुरस्कृत करने के लिए 1 जनवरी 2025 से आवेदन की तिथि के पूर्व तक की अवधि में विचारणीय होगी। आवेदन निर्धारित तिथि तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट में सम्मान, पुरस्कार खण्ड का अवलोकन किया जा सकता है।

### परीक्षाओं की तैयारी करने परीक्षा 14 को

**बिलासपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए एसएससी, बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। अभ्यर्थियों से 28 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित था। तृतीय प्रशिक्षण सत्र के लिए प्राक्चयन परीक्षा 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी प्रशिक्षण केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

# 56 हजार कारोबारियों की होगी जांच, कोचिंग, कपड़ा, रेस्टोरेंट वालों पर नजर

- स्टेट जीएसटी की टीम फील्ड में जाकर कर रही वेरिफिकेशन
- टैक्स चोरी करने जानबूझकर कम टर्नओवर जमा करने के इनपुट मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

प्रदेश के 1.50 करोड़ रुपए से ज्यादा टर्नओवर वाले 56000 कारोबारियों की जांच की जा रही है। इसमें 16000 कारोबारियों के रिटर्न फाइल नहीं करने और 40000 कारोबारियों द्वारा टैक्स चोरी करने जानबूझकर कम टर्नओवर जमा करने के इनपुट मिले हैं। इसे देखते हुए स्टेट जीएसटी की विशेष टीम बनाई गई है। टीम मौके पर जाकर कंपोजिशन डीलरों और कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में दस्तावेजों की जांच कर रही है। साथ ही निर्धारित टर्नओवर से अधिक मिलने पर रजिस्ट्रेशन को अपग्रेड करने की कार्रवाई होगी। इसकी रिपोर्ट तैयार कर विभागीय अधिकारियों को भी सौंपी जाएगी। इसी के तहत बिलासपुर में होटल और रेस्टोरेंट कारोबोरी मौसाजी स्वीट्स के साथ ही सेंट्रल जीएसटी की टीम व्यापार विहार में दो प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है।

जीएसटी के अधिकारियों के अनुसार टैक्स चोरी करने की शिकायत मिलने के बाद कारोबारियों के रिटर्न की ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर जांच की जा रही है। इस दौरान पता चला है कि कारोबारी अपने दस्तावेजों में हेराफेरी कर फर्म को छोटा बताकर कम टर्नओवर जमा कर रहे हैं। इसके लिए एक जीएसटी नंबर पर कई फर्मो का संचालन किया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में 1 लाख 80 हजार के ज्यादा पंजीकृत कारोबारी है। इसमें करीब 1 लाख स्टेट जीएसटी और 80 हजार से ज्यादा कारोबारी सेंट्रल जीएसटी में पंजीकृत हैं।




### फील्ड पर जाकर टीम कर रही जांच

अधिकारियों के अनुसार फील्ड में जाकर जांच करने पर टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों को चिन्हांकित किया जा रहा है। साथ ही कंपोजिशन रजिस्ट्रेशन का लाभ लेने वाले कारोबारियों के पकड़े जाने पर उन्हें सामान्य रजिस्ट्रेशन में कंवर्ट करने पर टैक्स मिलेगा। इससे एक तरफ आम लोगों को राहत मिलने के साथ ही पंजीकृत कारोबारियों की संख्या बढ़ने से राजस्व में इजाफा होगा। बता दें कि मैरिज हाल, कोचिंग, कपड़ा, मनियारी, टाइल्स, बड़े रेस्टोरेंट, होटल संचालक, डेटोकेशन सेंटर और 1.50 करोड़ रुपए से कम के टर्नओवर वाले अन्य छोटे कारोबारी इसकी जद में आते हैं।

### होटल से कंप्यूटर बिल, पर्ची जब्त

जीएसटी टीम की कार्रवाई मौसाजी-स्वीट्स के सभी संस्थानों पर मंगलवार को जारी रही। रायपुर और बिलासपुर की संयुक्त टीमों ने टैक्स चोरी की शिकायत पर यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने संस्थानों के कंप्यूटर सिस्टम, बिल, पर्ची और अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिया है और इसकी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने सिस्टम के सॉफ्टवेयर पर लेन-देन का पूरा हिसाब देखा। बिल, पर्ची, फाइलें और विभाग को भरे गए टैक्स से जुड़े सभी कागजात देर रात तक खंगाले गए। जाते समय अधिकारी कुछ दस्तावेजों की प्रतियां भी अपने साथ ले गए। ध्यान रहे कि शहर में मौसाजी स्वीट्स की शाखाएं श्रीकांत वर्मा मार्ग, तिफरा, सरकंडा, मंगला और गोलबाजार में स्थित हैं। व्यापार विहार स्थित मौसाजी स्वीट्स में जॉइंट कमिश्नर सहित चार सदस्यों की टीम पहुंची थी। अधिकारियों के मुताबिक विभाग को लंबे समय से इन दुकानों में कर चोरी की शिकायतें मिल रही थीं।

### ट्रांसपोर्ट नगर के ट्रांसपोर्टर ऑफिस में छापा

जीएसटी की ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ट्रांसपोर्टर के ऑफिस में छापा मारा। यहां भी पूरे दिन टीम ने दस्तावेज, रिटर्न आदि से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान ट्रांसपोर्टर और उनके कर्मचारी भी टीम के साथ थे। जांच में उन्होंने टीम को सभी तरह के दस्तावेज उपलब्ध कराए। अधिकारियों के मुताबिक स्टेट जीएसटी की टीम बिना पंजीयन कराए कारोबारियों को चिन्हांकित कर करेगी। साथ ही गलत जानकारी देकर टैक्स चोरी और बिना ई-वे बिल सामानों का परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। बता दें कि पिछले 7 महीने में स्टेट जीएसटी द्वारा लगातार कार्रवाई कर टैक्स वसूला जा रहा है। इस दौरान करीब 12 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।

## अवैध प्लाटिंग : निगम आयुक्त ने उप पंजीयक को पत्र लिखा

# 35 खसरा नंबरों की जमीन की रजिस्ट्री पर लगाई गई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले शहर के बहतराई, मोपका और चिल्हाटी क्षेत्र के 35 खसरा नंबरों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर उप पंजीयक को पत्र लिखा गया है। इन जमीनों पर भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाने के लिए निगम द्वारा उप पंजीयक को पत्र जारी किया गया है। आयुक्त के अनुसार निगम सीमांतर्गत लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है,इसी के तारतम्य में निगम द्वारा जांच कराया गया जिसके आधार पर इन जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की तैयारी है।

निगम ने जिन जमीनों की रजिस्ट्री में रोक लगाने के लिए पत्र लिखा है उनमें बहतराई के प.ह.नं. 48 स्थित भूमि खसरा क्र.420/1, 420/2. 439/1-2, 440/1-2, 57/3, 57/10, 463/1, 456, 457, 449, 454 भूमि है जिसके स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किये अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है एवं वर्तमान में भी विक्रय किया जा रहा है। यह कृत्य छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग (2) प्रावधानों का उल्लंघन है।

### अफसरों की मिलीभगत, गुमराह हो रहे लोग

दरअसल शहर के आसपास मोपका, चिल्हाटी, सिरगिट्टी, तोरवा, सकरी, मंगला, बैमा-नगोई, कोनी, रतनपुर रोड और उसलापुर जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां खुलेआम खेतों की बाड़ तोड़कर बिना किसी ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे हैं। सस्ते दाम और भविष्य में तेजी का लालच देकर दलाल खेती की जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से यह कारोबार बेखौफ चल रहा है। कई बार जमीन दलाल लोगों को सरकारी अनुमति बताकर लोगों को गुमराह करते हैं। जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद लोग अपना मकान बनाने के लिए सरकारी अनुमति के लिए दफ्तरों के चक्कर काटते हैं। अगर किसी ने बिना अनुमति मकान बना लिया तो मोटा जुर्माना वसूल किया जाता है। कॉलोनी के नाम पर नक्शे दिखाकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। कई मामलों में दलालों ने बाकायदा प्लॉट नंबरिंग कर सड़क व नाली का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए वसूल लिए हैं।

### मोपका, चिल्हाटी में इन जमीनों पर लगी रोक

इसी तरह मोपका के खसरा क्रमांक 472/2, 473/6, 473/7, 465/1, 319/2, 320/1, 322/1. 323/1, 1317/1, 1317/1, 1317/17, 2100/2, 2100/24, क्षेत्रफल लगभग 1.2612 हेक्टेयर और चिल्हाटी के खसरा क्रमांक 294/1, 294/2, 294/3, 294/5,294/4, 294/8, 294/9, 294/10, 299/4, 299/5, 300/4, क्षेत्रफल लगभग 0.7306 हेक्टेयर, भूमि के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किये अवैध कालोनी/प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। जिनके पंजीयन पर अविलम्ब रोक लगाते हुए पूर्व में की गई समस्त पंजीयन (रजिस्ट्री) की छायाप्रति उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

- इससे पहले की गई उक्त जमीनों की रजिस्ट्री की भी जानकारी मांगी गई



### सरकारी तंत्र की निष्क्रियता बराबर की भागीदार

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इन धोखाधड़ी में सरकारी तंत्र की निष्क्रियता भी बराबर की भागीदार है। पटवारी बिना किसी सत्यापन के रजिस्ट्री के लिए दस्तावेज जारी कर रहे हैं। मोपका क्षेत्र के विवेकानंद कॉलोनी में एक जमीन कारोबारी ने बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की है। इसकी शिकायत निगम तक पहुंच चुकी है। इसके बावजूद प्लॉटिंग जारी है। निगम की ओर से भी अब तक इस पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। न ही अवैध प्लॉटिंग वाली जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण पर रोक लग सकी है। दरअसल जमीनों के खरीदी बिक्री के दौरान पटवारी, आरआई, तहसीलदार की भूमिका अहम होती है। इसके बावजूद अवैध प्लॉटिंग बिना रोकटोक चल रही है।

### बिना ले आउट प्लान के टुकड़ों में बेचा जा रहा

बहतराई, मोपका और चिल्हाटी क्षेत्र के 35 खसरा नंबरों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप पंजीयक को पत्र लिखा गया है। इन जमीनों पर भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

# मतदाताओं के नाम कटने, फार्म नहीं भराने को लेकर न्यू लोको कालोनी में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एसआईआर व बीएलओ के रवैये को लेकर लोगों में नाराजगी

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान कई जगहों पर हंगामा की स्थिति निर्मित हो रही है तो लोगों में नाराजगी भी दिखाई दे रही है। रेलवे न्यू लोको कालोनी वार्ड 70 त्रिपुर सुंदरी क्षेत्र में मंगलवार को कई लोगों के नाम कटने और फार्म नहीं भराने को लेकर हंगामा की स्थिति पैदा हो गई थी और नाराज लोगों ने बीएलओ के रवैये को लेकर भी सवाल उठाए।

न्यू लोको कालोनी क्षेत्र में लोगों का कहना है गणना फार्म भरने पहुंच रहे हैं तो बीएलओ नहीं मिल रहे और मिलते हैं तो खाली बैठाकर वापस भेज देते हैं, जिससे कामकाज छोड़कर लोगों को बार-बार बीएलओ के चक्कर काटना पड़ रहा है। रेलवे क्षेत्र के त्रिपुर सुंदरी नगर वार्ड में झोपड़ियां तोड़ी गई थी और जिन्होंने कुछ सालों पहले वहां को छोड़ा था उनके नाम मतदाता सूची से गायब हैं, जबकि जो नए-नए वहां आए हैं उनका नाम सूची में शामिल है। मतदाता सूची से नाम कटने से लोगों में खासी नाराजगी है और वे तीन-चार दिनों से बीएलओ के चक्कर काट रहे हैं। इनमें से ज्यादतर रोजी मजदूरी करने वाले गरीब परिवार के लोग हैं जो अपना कामकाज छोड़कर गणना फार्म भरवाने आते हैं तो कभी बीएलओ नहीं मिलता और मिलता है तो सूची में नाम नहीं होने से उन्हें खाली बैठा दिया जाता है। आज भी कैंप में बीएलओ दोपहर 2 बजे करीब पहुंचे और सुपरवाईजर भी नहीं आया था इसलिए नाराज लोगों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। बाद में जब वे लोग पहुंचे तो फिल्ड गए थे बोलकर उन्हें शांत कराने की कोशिश किए।




### 2003 में थे फिर नाम नहीं दिख रहा

लोगों की शिकायत है कि बीएलओ मिल नहीं रहा है जिसके कारण उन्हें ठीक तरह से जानकारी नहीं मिल रही है और उनका फार्म भी नहीं भरा पा रहा है। पूछने पर बताया जाता है कि बीएलओ फिल्ड में गए हैं या कभी पोषण आहार बांट रहे हैं या टीकाकरण की डयूटी में गए हैं। लोगों का कहना है कि हम मजदूरी छोड़कर आते हैं, किन्तु कोई सुनने वाला नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि वे 2003 में यहीं रह रहे थे फिर भी मतदाता सूची में उनका नाम नहीं दिख रहा है। उनका कहना है कि बीएलओ न तो ठीक से घर-घर सर्वे कर रहे हैं और न ही निर्धारित समय तक कैंप में बैठ रहे हैं।

### सर्वश्रेष्ठ रील के लिए 50 हजार इनाम मिलेगा

**बिलासपुर।** जल संरक्षण एवं वाटरशेड विकास कार्यो में जनभागीदारी बढ़ाने तथा जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से केन्द्र एवं राज्य शासित प्रदेश सरकारों के सहयोग से जलग्रहण विकास कार्यो में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भूमि संसाधन विभाग द्वारा ''वाटरशेड महोत्सव'' का आयोजन किया जा रहा हैं। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर तक होगी। इच्छुक व्यक्ति जल संचय संरचनायें, बागवानी, कृषि, वानिकी एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्ल्यूडीसी 2.0 एवं 1.0 सहित जलग्रहण योजनाओं के तर्गत निर्मित संरचनाओं और उनसे लाभान्वित समुदाय को दर्शाते हुए 30 से 60 सेकण्ड का लघु वीडियों, रील या फोटो तैयार कर सकता हैं।




# रन-वे के पास ही बनेगा नया एप्रान 4 फ्लाइट एक साथ होगी पार्क

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में जल्द ही एक ही समय पर 4 फ्लाइट पार्क की जा सकेगी। पीडब्ल्यूडी द्वारा नए 2 एप्रान का निर्माण कार्य जारी कर दिया गया है। यह कवायद नाइट लैंडिंग सुविधा के बाद नए सिरे से शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि कार्य दो साल पहले प्रस्तावित थी जिसे अब पीडब्ल्यूडी द्वारा पूरा किया जा रहा है।

जल्द ही बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर दो एप्रान बनकर तैयार होगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने कमर कस ली है। वर्तमान एप्रान से लगी हुई खाली जगहों पर एप्रान निर्माण का काम तेज कर दिया गया है। महज डेढ़ माह के भीतर एप्रान निर्माण किया जाना है। बताया जा रहा है कि नाइट लैंडिंग की सुविधा के बाद अब पीडब्ल्यूडी एप्रान निर्माण कर रहा है। इसके लिए ठेकेदार द्वारा जमीन का समतलीकरण किया जा रहा है। निर्माण के बाद एयरपोर्ट पर 4 एप्रान होगा, जिसमें एक साथ 4 फ्लाइट खड़ी हो सकेगी। दरअसल 4 सी एयरपोर्ट पर एक समय पर दो से अधिक फ्लाइट पार्क की जा सकती है, नाइट लैंडिंग की सुविधा के साथ ही बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट नवीन एप्रान से सुसज्जित हो सकेगा।



- डेढ़ माह में एप्रान बनाने का लक्ष्य
- 8100 वर्ग मीटर में होगा निर्माण

### रनवे का डामरीकरण लंबित

सालों पुराने रनवे में डामरीकरण का काम लंबित है। एयरपोर्ट अथारिटी ने टेंडर में शर्त जोड़ दिया है, जिसकी स्वीकृति राज्य सरकार से लेना अनिवार्य है। दरअसल एयरपोर्ट अथॉरिटी 5 सालों तक रनवे में निर्माण करने वाली कंपनी को ही टेंडर में शामिल करने की बात कह रही है, जिसके चलते डामरीकरण का काम लंबित है। जानकारों के मुताबिक रनवे में प्रतिदिन फ्लाइट का आवागमन है ऐसे में परिचालन रोका नहीं जा सकता है। ऐसे में विशेषज्ञ ठेकेदार से काम कराने की मजबूरी है। रनवे के शोल्डर में डामरीकरण करने में 11 करोड़ का खर्च होगा।

### अब 4 फ्लाइट होगी पार्क

दो माह के भीतर एप्रान बनाकर तैयार होगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण किया जा रहा है। अब 4 फ्लाइट पार्क की जा सकेगी।

- **एनबी सिंह**, डायरेक्टर बिलासा एयरपोर्ट




**खबर संक्षेप**

## छात्रों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ और आरती



**बिलासपुर।** मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय (पुराना हाई कोर्ट परिसर) स्थित श्री हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं विधि-पूर्वक आरती का आयोजन किया गया। इसका आयोजन विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। जिसमें रायगढ़ के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ तरुण धर दीवान, छात्रसंघ उपाध्यक्ष आलिंद तिवारी, सूरज सिंह राजपूत, आकांक्षा, यशवंत सिंह, चिन्मय, सारांश के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## जमीन की सरकारी दर बढ़ाने के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन




**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी ने राज्य शासन द्वारा जमीनों की सरकारी दर बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए मंगलवार को शहर में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने पहले देवकीनंदन चौक पर प्रदर्शन किया।फिर रैली की शक्ल में नेहरू चौक पहुंचे। इसके बाद रजिस्ट्री कार्यालय में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। प्रियंका शुक्ला ने बताया कि जमीनों की सरकारी दर में 10 से 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। इससे आम जनता परेशान है। जब तक सरकार बढ़ी हुई गाइडलाइन दरें कम नहीं करती तब तक हमारी पार्टी सड़क पर आंदोलन करती रहेगी। प्रदर्शन में भानु चंद्रा, प्रियंका शुक्ला शुक्ला, ईश्वर चंदेल, संजय , संतोष बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष परदेसी रात्रे, रेहाना खातून,बिलासपुर विधानसभा प्रभारी कुणाल खंडे, इरफान सिद्दीकी, विवेक यादव, शंकर कश्यप, धनंजय कश्यप, संजय अग्रवाल, चिंतादेवी सिंआम सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एड्स से बचने किया जागरुक



**बिलासपुर।** छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वयं सेवक तत्वावधान में एसबीटी महाविद्यालय में एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को एड्स से बचाने के लिए जागरुक किया गया। संघ के सदस्यों ने बताया कि हमे नई पीढ़ी को इस रोग से बचाने के लिए जागरुक करना होगा। इसके लिए सरकार के निर्देशानुसार जगह जगह अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। हमारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान छात्रों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा की। राकेश तिवारी ने बताया इस अभियान में हम सब को आगे आकर लोगों को इसके प्रति जागरुक करना होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान काफी सराहनीय है। नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए इस रोग से बचाव आवश्यक है। कार्यशाला में राम प्रकाश साहू, विरेन्द्र बघेल, अजय धीवर, मुकेश सोनी, संध्या तिवारी, चेयरमेन राकेश तिवारी, आरती तिवारी, नेहा, सोनम आदि ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## छात्र संघ चुनाव और दो नई बस की मांग को लेकर कुलसचिव को ज्ञापन



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्रहित के विभिन्न विषयों को लेकर एनएसयूआई जीजीयू उपाध्यक्ष सार्थक मिश्रा सुदीप शास्त्री के नेतृत्व में कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें छात्रसंघ चुनाव, बस चलवाने की मांग, 1500 सीट वाले नए छात्रावास की मांग और रोड मरम्मत जैसे विभिन्न मांगे शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनिमेष ग्वाल, आदेश यादव और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप सांस्कृतिक एवं कला परिषद का प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप सांस्कृतिक एवं कला परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन में राज्यभर से आए कविओं ने अपनी रचनाओं से मंच की शोभा बढ़ाए है। जिसमें बेमेतरा गीतकार विक्रम सिंह ने राजपूताना शौर्य के इतिहासों से अपने वेदना आक्रोश के स्वर से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि बजरंग सिंह बैस, अध्यक्षता पंकज सिंह राजपूत, अति विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज कुमार भुवाल, नीरज सिंह क्षत्रिय, अशोक ठाकुर, सत्येन्द्र सिंह राजपूत, घनश्याम सिंह चौहान, अजय सिंह, डॉ. जितेन्द्र सिंह, रश्मि राजपूत, मधुबाला, अनुराग सिंह, महेन्द्र सिंह, मोरध्वज सिंह, विनोद सिंह ठाकुर, इन्द्रकुमार ठाकुर, अमन सिंह ठाकुर, इन्द्रजीत सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

**चेतावनी के बाद भी काम नहीं** इस व्यापारिक परिसर में आज भी सड़कें टूटी हुई हैं, नालियाँ उफन रही हैं और चेंबर खुले पड़े हैं

# रोजाना करोड़ों का कारोबार, 25 साल बाद भी व्यापार विहार मंडी बदहाल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और संभाग का सबसे बड़ा थोक व्यापार का प्रमुख केंद्र व्यापार बिहार 25 साल बाद भी विकास की राह देख रहा है। सन 2000 में स्थापित इस व्यापारिक परिसर में आज भी सड़कें टूटी हुई हैं, नालियाँ उफन रही हैं और चेंबर खुले पड़े हैं।

हाल यह है कि जहां से रोजाना करोड़ों रुपए का व्यापार होता है, वहां की बुनियादी सुविधाएं आज भी 'वादा' बनकर अटकी हुई हैं। अब लेकिन यहां के व्यापारी आंदोलन के मूड में हैं। व्यापारी संघ की ओर से साफ चेतावनी दी गई थी कि यदि एक महीने के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 72 घंटे का व्यापार बंद करते हुए आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद भी आज तक कुछ नहीं हुआ।




व्यापार बिहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष विनोद मेघानी ने कहा कि व्यापार बिहार की हालत वर्षों से बदहाल है। उन्होंने कहा कि 2000 में बाजार बना था, लेकिन तब से अब तक सड़कें टूटी पड़ी हैं, नालियाँ और चेंबर खुले हुए हैं। ट्रॉली और ठेलों के पलटने से छोटे-बड़े हादसे रोज होते हैं। कई बार फोटो और वीडियो के साथ ज्ञापन दिया गया लेकिन प्रशासन केवल दिखावा करता है। अगर अब भी सुधार नहीं हुआ, तो व्यापारी मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे। मेघानी ने कहा कि व्यापार बिहार आज छत्तीसगढ़ का थोक व्यापारिक हब बन चुका है, लेकिन शासन-प्रशासन के रवैए से व्यापारी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

### अधूरा मार्केट, उम्मीदें अधूरी रह गईं

गौरतलब है कि व्यापार बिहार में हजारों व्यापारी और ट्रांसपोर्टर रोज कारोबार करते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की हालत बद से बदतर है। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, नालियां जाम हैं, लाइटें खराब हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। व्यापारी कहते हैं कि कर वसूली में निगम सबसे आगे है, लेकिन विकास के कामों में सबसे पीछे। संघ के अध्यक्ष विनोद मेघानी ने कहा कि अब हम केवल वादा नहीं, परिणाम चाहते हैं। व्यापार बिहार की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कर और टैक्स बढ़ाए गए, सुविधाएं शून्य

व्यापारियों के अनुसार यहां व्यापार से जुड़ी हर समस्या वर्षों से लंबित है। उन्होंने कहा कि हम हर बार उम्मीद लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के पास जाते हैं, लेकिन जवाब केवल आश्वासन का मिलता है। कर और टैक्स बढ़ रहे हैं, मगर सुविधाएँ शून्य हैं। अब व्यापारी थक चुके हैं और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एक व्यापारी ने कहा कि कुछ दिन पहले व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल महापौर से मिलने गया था, लेकिन महापौर से नहीं, उनके पति से बात करवाई गई। व्यापारी ने कहा कि हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। निगम का प्रशासन ठप पड़ा है, यहां जनता नहीं, कुछ व्यक्तियों का प्रभाव चल रहा है। यह स्थिति पूरे शहर के लिए चिंता का विषय है।

### सबसे अधिक ध्यान सफाई पर

व्यापार विहार सब्जी मंडी में सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। व्यापारियों की मांग के हिसाब से सड़क, नाली पानी का निर्माण किया जा रहा है। सबसे अधिक ध्यान सफाई पर है।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

कोटा विधायक अटल के नेतृत्व में पंद्रह गांव के किसानों ने कलेक्टर से की मुलाकात

# समिति बनी, लेकिन धान खरीदी नहीं बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन द्वारा जिले में सोलह नई समितियों के गठन को मंजूरी तो दी गई है, लेकिन यहां उपार्जन केंद्र की स्थापना नहीं होने के कारण किसानों में असंतोष है। कोटा ब्लॉक के दारसागर पंचायत के किसान मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टर से मिलने पहुंचे। इनकी शिकायत है कि गांव में ही समिति गठित होने के बाद भी उन्हें 15 किलोमीटर दूर बेलगहना जाकर धान बेचने को कहा जा रहा है।

- **कोटा ब्लॉक के दारसागर पंचायत का मामला**

कोटा ब्लॉक के दारसागर ग्राम पंचायत में सहकारी समिति के गठन को मंजूरी मिलने के बाद भी यहां धान का उपार्जन नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात की। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों ने बताया कि गठित की गई सहकारी समिति में कुल ग्राम पंचायत 06 एवं इनके कुल 15 गांव शामिल हैं। इन सभी गांव के करीब दो हजार किसानों द्वारा बीते वर्ष तक धान खरीदी केन्द्र बेलगहना में धान की बिक्री की जाती थी, लेकिन यह दारसागर से 15 किमी दूर है। ऐसे में ग्रामवासियों को धान बेचने के लिए बेलगहना आने-जाने में बड़ी असुविधा होती है।



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे किसान।

### समिति में पहले ही 25 गांव

किसानों का कहना है कि बेलगहना उपार्जन केंद्र में पहले से ही 25 ग्राम शामिल हैं। इसके अंतर्गत इन गांवों से 1 लाख 25 हजार क्विंटल से भी ज्यादा धान की खरीदी की जाती है। ऐसे में दूरस्थ किसानों को टोकन लेने एवं धान परिवहन एवं धान तौलाई के पश्चात वापसी करने में देर रात हो जाती है। इसके चलते किसानों को धान बेचने की पूरी प्रक्रिया में अत्याधिक मानसिक एवं आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ती है। किसानों ने किसी भी हाल में बेलगहना समिति में धान नही बेचने की बात कही। समिति में 25 गांव शामिल होने के कारण यहां ग्रामीणों की काफी भीड़ रहती है।

### टोकन जारी नहीं करने का आरोप

किसानों द्वारा पूर्व समिति बेलगहना से दारसागर समिति के किसानों को पक्षपात पूर्वक व्यवहार करते हुए उन्हें धान का आवक टोकन जारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। किसानों ने असमंजस की स्थिति होने की बात कहते हुए दारसागर में अब तक धान खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाने की बात कही है।

### शासन अलग से आदेश जारी करता है

शासन द्वारा सोलह नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि सारी नई समितियों में उपार्जन केंद्र की स्थापना की जाए। उपार्जन केंद्रों के लिए शासन द्वारा अलग से आदेश जारी किया जाता है। किसानों द्वारा दारसागर में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर धान खरीदी करने की मांग की जा रही है।

**-चंद्रशेखर जायसवाल,** उपायुक्त सहकारिता विभाग

## कोटवार पर भूमि कब्जा करने की शिकायत

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत निपनिया के किसानों ने ग्राम कोटवार द्वारा किसानों के आने जाने वाले रास्ते व कोटवारी जमीन के अलावा उसके आसपास के सभी शासकीय भूमि में किए गए बेजाकब्जा को तोड़वाने की मांग की। ग्राम लिमतरी के पूर्व उप सरपंच विनोद कुमार कौशिक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शाउमावि लिमतरी में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अतिरिक्त शौचालय भवन का निर्माण कराने मांग की। कलेक्टर ने उनका ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम हाफा के हीरालाल महिलांगे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली किश्त की राशि दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत आवास की पूरी किस्त की राशि उन्हें प्राप्त नहीं हुई है।



शेष राशि के लिए उन्होंने पूर्व में आवेदन दिया था परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## वाटरशेड महोत्सव में कृषि विशेषज्ञों ने दिए नवाचारपूर्ण सुझाव

**बिलासपुर।** छग राज्य में बिलासपुर जिले के कृषि विभाग में संचालित केन्द्रीय योजना डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0/1 द्वारा कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नगपुरा में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। माइक्रोवाटरशेड ग्राम नगपुरा में विविध आयोजना के तहत प्रभात फेरी, रंगोली एवं कबड्डी प्रतियोगिता, भूमि पूजन, श्रम दान एवं सरसों बीज का वितरण किया गया। वाटरशेड कमेटी नगपुरा में श्रमदान एवं निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके पश्चात प्राथमिक शाला माइक्रोवाटरशेड नगपुरा के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी, पानी की पाठशाला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया गया। इसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य परमेश्वर खुसरो थे। इसके अलावा सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा अनूपा पैकरा, सरपंच ग्राम पंचायत तुलुफ मोहन सिंह श्याम, सुरति परमेश्वर खुसरो, डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ. एकता ताम्रकार एवं पंकज मिंज, प्रबंधक नवीन तिवारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रबंधक अवनीश सिंह, परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0/1 कोटा, डब्ल्यूसीडीसी, समस्त डब्ल्यूडीटी, वाटरशेड कमेटी के समस्त अध्यक्ष एवं सचिव मौके पर उपस्थित रहे। वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा कौशिक ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन की खेती, डॉ. एकता ताम्रकार ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती, पंकज मिंज द्वारा उद्बोधन दिया गया।

**टेंडर को 3 माह बीता, जिला अस्पताल के निकट खाली जमीन पर होगा निर्माण**

# माड़ुलर अस्पताल की शिफ्टिंग से लटका क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

30 माह में बनकर तैयार होने वाला क्रिटिकल केयर यूनिट अबतक शुरू भी नहीं हो सका है। माड्यूलर अस्पताल की शिफ्टिंग में हो रही देरी की वजह से सीजीएमएससी अबतक काम शुरू नहीं कर पाई है। ऐसे में विलंब होना तय है।

सीजीएमएससी द्वारा 75 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने का ठेका हुए 3 माह बीत चुका है। करीब 19 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले यूनिट का ठेका मेसर्स कनवल जैन को दिया गया है।जी प्लस 4 का भवन में करीब 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसमें मरीजों के लिए 75 बेड की सुविधा होगी। जिला अस्पताल परिसर के ठीक बाजू में निर्माण कियाा जाना है लेकिन कोविड के दौरान करोड़ों से बनाए गए माड्यूलर अस्पताल की शिफ्टिंग नहीं हो सकी है। वर्तमान में महज जमीन का नाम जोख ही किया जा सका है, वहीं ठेकेदार को निर्माण के लिए 30 माह का समय दिया गया है।



### पूरे क्षेत्र में शराबियों का अड्डा

माड़्यूलर हास्पिटल के चारों ओर पानी के पाउच और शराब की बोतलें बिखरी नजर आती हैं। दरअसल पुराना बसस्टैंड में ही शराब का ठेका है, जहां नशेड़ियों का जमघट लगता है, दोपहर ओपीडी के बाद अस्पताल सुनसान हो जाता है, ऐसे में दिनदहाड़े ही अस्पताल परिसर में नशेड़ियों की महफिल लगती है।

### कंपनी से नहीं हो पा रहा है संपर्क

सूत्रों के अनुसार माड्युलर अस्पताल का निर्माण 2020-21 में किया गया था, करीब 3 करोड़ खर्च पानी की तरह बहाया गया है लेकिन इसका उपयोग कभी भी जिला अस्पताल द्वारा नहीं किया गया है। इसके शिफ्टिंग के लिए सीजीएमएससी के अधिकारी लगातार कंपनी से संपर्क कर रहे है लेकिन संपर्क नहीं हो सका है। जिससे शिफ्टिंग में देरी हो रही है।

### रायपुर की टीम ने किया निरीक्षण

रायपुर से टीम आई थी, निरीक्षण कर गई है, लेकिन शिफ्टिंग की समस्या बनी हुई है। फिलहाल माड़्यूलर अस्पताल के 5 यूनिट को हटाया जा रहा है। इसके बाद निर्माण कार्य तेज होगा।

**-राजेन्द्र प्रसाद**, ईई, सीजीएमएससी



## गर्डर उठाने वाली क्रैन में आई खराबी से ट्रेन परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर बिलासपुर डिवीजन के हिमगिर और दाघोरा के बीच रोड ओवरब्रिज का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए गर्डर लाचिंग करने क्रैन का उपयोग किया जा रहा था। यह क्रैन अचानक खराब होने के कारण हावड़ा से बिलासपुर के बीच चारों लाइन पूरी तरह से ब्लाक से ट्रेनों का परिचालन घंटो प्रभावित रहा, जिसके कारण यात्री हलाकान होते रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के हिमगीर और दाघोरा स्टेशनों के मध्य समपार गुमदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज का कार्य तेजी से प्रगति पर है। निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए 36–36 मीटर लंबे तीन गर्डरों की सफलतापूर्वक स्थापना की गई। पूर्व में इस कार्य को 2 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लेकर संपन्न किया गया। गर्डरों की सफल लांचिंग के साथ इस आरओबी निर्माण में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। रेलवे के अनुसार निर्माण के पूर्ण होते ही गुमदा फाटक से होकर गुजरने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं एवं वाहनों को सुरक्षित, संरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी समाप्त होंगी। अन्य दिनों की तरह मंगलवार की दोपहर भी गर्डर को लांचिंग करने के लिए क्रैन को मौके पर लाया गया था। इस कार्य के लिए दोपहर 2 बजकर 15 मिनट से लेकर 4 बजकर 15 मिनट तक दो घंटे का ब्लाक लेकर हावड़ा-मुम्बई की चारों लाइन पर ट्रेन आवाजाही को बंद कर दिया गया था। कार्य के दौरान क्रैन में अचानक खराबी आ गई, जिसकी वजह से गर्डर को ऊपर चढ़ाया नहीं जा सका।

### रेलवे ने कराया-नाश्ता चाय

चार घंटे तक रेल लाइन ब्लाक होने के कारण हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी रही थी। वहीं हिमगिरी और दूसरे स्टेशनों पर स्टॉल और खाने-पीने की सुविधा नहीं मिलने के कारण भी यात्री इधर-उधर भटक रहे थे। इन सभी यात्रियों को रेलवे के कामर्शियल विभाग की ओर से पानी, नाश्ता, चाय और अन्य खान-पान की व्यवस्था तत्काल मुहैया कराई गई, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो सके।

### दूरंतो पहुंची रात में

दो घंटे का ब्लाक लेकर रेल प्रशासन को गर्डर लांचिंग का काम करना था, लेकिन यह कार्य करने में रेलवे को चार घंटे से अधिक का समय लग गया। शाम 7 बजे ब्लाक ओपर होने के बाद चारों लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही को शुरु कराया गया। इस दौरान हीराकुंड, हावड़ा-सीएसएमटी और भुवनेवर-पुरी के अलावा 12262 हावड़ा से सीएसएमटी दूरंतों एक्सप्रेस हिमगिर स्टेशन में नियंत्रित की गई, जिसके कारण ट्रेन बिलासपुर स्टेशन दोपहर 2 बजकर 55 मिनट के स्थान पर रात 11 बजे के बाद पहुंची।


क्रैन में खराबी के कारण ब्लाक को अतिरिक्त दो घंटे का समय लग गया। इसके कारण 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस दोपहर 3 बजकर 40 मिनट से हिमगिरी स्टेशन में, 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस दोपहर 3 बजकर 40 मिनट पर बेलपहाड़ स्टेशन में और 22866 भुवनेश्वर-पुरी एक्सप्रेस दोपहर 3 बजकर 43 मिनट पर हिमगिरी स्टेशन में नियंत्रित कर रखी गई। दो घंटे के ब्लाक को चार घंटे से अधिक समय लगने के कारण परेशानी यात्रियों को उठानी पड़ी।



## इलेक्ट्रॉनिक्स बर्ड में शीतकालीन उपकरणों के नए मॉडल लांच

**बिलासपुर।** मनोहर टॉकीज के पास जूना बिलासपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स बर्ड जूना में इस सर्दी के लिए अपने नवीनतम और सबसे उन्नत घरेलू उपकरणों के संग्रह का अनावरण किया है। यह संग्रह आधुनिक तकनीक, ऊर्जा दक्षता और स्टाइलिश डिजाइन का बेहतरीन मिश्रण है।

इस सीज़न में इलेक्ट्रॉनिक्स बर्ड ग्राहकों के लिए नए लॉन्च किए गए विंटर आइटम्स लाया है, ताकि वे ठंड में भी आराम और सुविधा का आनंद ले सकें। नए मॉडल के हॉट एंड कोल्ड एसी उपलब्ध हैं। ये ड्यूल-फंक्शन AC न केवल गर्मियों में उत्कृष्ट कूलिंग प्रदान करते हैं, बल्कि ठंड के दिनों में भी कमरे को तेजी से गर्म करने की क्षमता रखते हैं। ये उपकरण साल भर आपके घर के तापमान को नियंत्रित करने का स्मार्ट समाधान हैं।रूम हीटर नए डिजाइन और उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ रूम हीटर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। ये हीटर बिजली की कम खपत करते हुए तीव्र और समान गर्माहट सुनिश्चित करते हैं। ओवन टोस्टर ग्रिल यदि आप इस त्यौहार के मौसम में किसी को यादगार उपहार देना चाहते हैं, तो मल्टी-फंक्शन के नए मॉडल शोरूम पर उपलब्ध हैं। गीजर गर्म पानी की तत्काल जरूरत को पूरा करने के लिए उच्च क्षमता वाले गीजर के नवीनतम मॉडल लाए गए हैं। ये गीजर आधुनिक सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स बर्ड के संचालक ने बताया कि हम हमेशा अपने ग्राहकों को नवीनतम तकनीक उपलब्ध कराते हैं। हमारा नया शीतकालीन संग्रह आराम और बचत दोनों प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ऑफर सीमित समय के लिए आकर्षक डील्स और आसान फाइनेंस विकल्प के साथ उपलब्ध हैं।




बिजनेस प्लस

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# अगहन की समाप्ति कल, पांच गुरूवारी के शुभ संयोग पर होगी पूजा

अगहन माह का अंतिम गुरुवार 4 दिसंबर को पड़ रहा है, इस बार का अगहन पूजा में वर्षो बाद ऐसा संयोग पड़ रहा है कि 6 नबंबर गुरूवार को प्रारंभ हुआ जो चार दिसंबर गुरूवार को ही समाप्त हो रहा है। इस शुभ मुहूर्त में अगहन पूजा करना अधिक लाभकारी होगा।

### गुरूवार को प्रारंभ और इसी दिन हो रहा समाप्त

**बिलासपुर।** अगहन मास का विशेष महत्व होता है, इस बार अगहन मास जिसे हिंदी में मार्गशीर्ष कहा जाता है अगहन मास को मगसर, मंगसिर, अगहन, अग्रहायण आदि नाम भी जाना जाता है। ये पूरा मास बड़ा ही पवित्र माना गया है। इसकी महिमा खुद श्रीकृष्ण भगवान ने गीता में बताई है।

अंतिम अगहन पूजा में महिलाएं बुधवार को घर-द्वार सजाने के साथ ही पूजा की तैयारी करेंगी। घर के द्वार से लेकर पूजा स्थल तक चावल आटे के घोल से मां लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाया जाएगा। पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि इस बार अगहन गुरूवारी माह भर में पांच बार पड़ा जो कि यह भी शुभ संयोग है, चार दिसंबर को पूर्णिमा तिथि पर यह समाप्त हो रहा है,जिसके बाद पूस का माह का प्रारंभ हो जाएगा जिसमें कोई भी शुभ कार्य नहीं होगा। गुरुवार की सुबह सूर्य निकलने से पहले स्नान-ध्यान कर मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाएगी,ऐसी मान्यता है कि घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्घि की प्राप्ति होती है। महालक्ष्मी सदा उस घर में निवासरत हो जाती हैं।

### दिन में तीन बार पूजा का महत्व

पंडित ने बताया कि गुरुवार को सूर्योदय से पूर्व स्नान करके व्रत रखने का संकल्प लें, मुख्य द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित करें। दोपहर 12 बजे चावल की खीर, अनरसा, बबरा, चावल का चीला आदि



व्यंजनों का भोग लगाए शाम को पुनः पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करके व्रत का पारणा करें। मान्यताओं के आधार पर अगहन गुरुवार में व्रत रखने का विधान है। इस दिन स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प किया जाता है। शाम को चंद्रमा के उदित होने के उपरांत पुष्प, नैवेद्य, धूप, दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान गणेश की पूजा की जाती है।

### इस-इस दिन हुई पूजा

- पहला गुरुवार – 6 नवंबर अगहन कृष्ण प्रतिपदा तिथि
- दूसरा गुरुवार – 13 नवंबर अगहन कृष्ण नवमीं तिथि
- तीसरा गुरुवार – 20 नवंबर अगहन अमावस्या
- चौथा गुरुवार – 27 नवंबर अगहन शुक्ल सप्तमी



### घर आंगन को रंगोली से सजाएंगी, गुरुवार को रखेंगी व्रत

अगहन गुरुवार की पूर्व संध्या पर बुधवार को महिलाएं अपने घर आंगन को चावल के आटे से बनाई रंगोली से साजएंगी। द्वार से लेकर पूजा स्थल तक मां लक्ष्मी के पदचिन्ह भी उकेरकर दीप प्रज्वलित करके महालक्ष्मी को आमंत्रित करेंगी। 4 दिसंबर की भोर सुबह 4 बजे स्नान, पूजन करके दिनभर व्रत रखने का संकल्प लेंगी। दोपहर को पुनः पूजा करके भोग अर्पित करने की परंपरा निभाएंगी। शाम को पूजन के पश्चात प्रसाद ग्रहण करके व्रत का पारणा करेंगी। ऐसी मान्यता है कि अगहन माह में महालक्ष्मी को विधिवत आमंत्रित कर पूजा, अर्चना करने से मां लक्ष्मी स्थायी रूप से निवास करतीं हैं, परिवार में सुख, समृद्धि बढ़ती है।

धर्म-क्षेत्र

## राम सेतु में हनुमान चालीसा राम स्तुति का पाठ किया गया

**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रों ने राम सेतु सरकंडा में माह के पहले मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा व राम स्तुति का सामूहिक पाठ किया गया। अंत में महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रों द्वारा प्रति माह के पहले मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इसी क्रम में माह दिसंबर के पहले मंगलवार को यह आयोजन किया गया। इसमें समिति के सदस्यों व अन्य



श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति रही। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने हनुमान महाआरती में भाग लेकर शहर में सुख-शांति बहाल होने की कामना की। ज्ञात हो कि सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में कई संकट दूर होते हैं। इस मौके पर सरकंडा टीआई प्रदीप आर्या ने भी पाठ कर आशीर्वाद लिया। इसके नियमित पाठ से बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति होती है। आत्मविश्वास बढ़ता है। मानसिक शांति मिलती है। यह ग्रह दोषों जैसे मंगल दोष से भी मुक्ति दिलाता है। जीवन में सुख-समृद्धि व सफलता लाता है। नियमित पाठ से बड़े से बड़े संकट और कष्ट दूर होते हैं। मानसिक शांति प्रदान करता है। हनुमान चालीसा का पाठ बुद्धि, ज्ञान और विद्या में वृद्धि करता है तथा आत्मविश्वास बढ़ाता है। घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है। जिससे परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। हनुमानजी की कृपा से व्यक्ति में साहस बढ़ता है। बुरी शक्तियों से बचाव भी होता है।

### मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बुधवार को पहुंच जाएंगे रायपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में छठवां दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरों पर चल रही है। दीक्षांत समारोह 4 दिसंबर को होने वाला है, जिसके लिए कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित यूनिवर्सिटी परिसर में बड़ा सा डोम तैयार किया जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल होंगे।

# अटल विवि के 12 वर्षों में छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर मंगलवार को यूनिवर्सिटी में प्रेसवार्ता में यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने बताया कि अटल यूनिवर्सिटी की स्थापना को 12 साल हो गए हैं और इन वर्षो में यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह होने जा रहा है। उनके कुलपति बनकर आने के बाद तीन दीक्षांत समारोह हो चुके है और यह चौथा होने जा रहा है।

दीक्षांत समारोह में देश पूर्व राष्ट्रपति एवं एन नेशन वन इलेक्शन कमेटी के चेयरमेन रामनाथ कोविंद दीक्षांत भाषण देंगे और उनके हाथों से कुछ टापरों को गोल्ड मेडल एवं उपाधि प्रदान की जाएगी। बाकी मेडल, उपाधि समारोह में उपस्थित अन्य अतिथियों के हाथों दिलवाया जाएगा।

पूर्व राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह से एक दिन पहले बुधवार को राजधानी रायपुर पहुंच जाएंगे और राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद अगले दिन सुबह यहां यूनिवर्सिटी पहुंचेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा समेत जिले के सभी विधायक कार्यक्रम में आ रहे हैं। टापरों के अलावा नंबर 2 से 10 रैंक तक आने वाले 551 छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### 36 हजार 950 विद्यार्थियों के डिग्री की घोषणा

अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 63 विद्यार्थियों को 92 गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे, जिसमें 29 दानदाताओं के मेडल शामिल हैं। गोल्ड मेडल पाने वालों में 14 छात्र एवं 49 छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह 64 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में मंच से 36 हजार 950 विद्यार्थियों के डिग्री की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है और यह दीक्षांत समारोह हमारे मेधावियों की कड़ी मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान है।

### यूनिवर्सिटी परिसर में तैयार हो रहा डोम



### कलेक्टर व एसएसपी ने लिया जायजा

दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत कई वीआईपी का आगमन हो रहा है। इसलिए कार्यक्रम की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम शिव बनर्जी, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम व परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान के साथ यूनिवर्सिटी का जायजा लिया। उन्होंने मंच, डोम से लेकर बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

# फोगसी की चैप्टर स्थापना एवं शपथ ग्रहण







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की राष्ट्रीय संस्था फोगसी के बिलासपुर चैप्टर की स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्त्री रोग विशेषज्ञों के बीच एकजुटता और महिलाओं के स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए समर्पण को दर्शाता है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शुभा गरेवाल उपस्थित रही। एडिशनल एसपी अर्चना झा द्वारा इस अवसर पर विशेष शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में स्त्री रोग शाखा के अध्यक्ष डॉ संगीता शर्मा,सचिव डॉ गीतिका शर्मा और कोषाध्यक डॉ आकांक्षा चुनी गई। महिला स्वास्थ्य की जागरूकता और योगदान की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी चिकित्सकों ने शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित डॉक्टरों ने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और स्त्री रोग और मां एवं बच्चे की देखभाल में नवीनतम प्रथाओं को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक चिकित्सक जिला बिलासपुर, कोरबा अंबिकापुर चांपा आदि जिले से शामिल हुई। डॉ सुशीला राव,डॉ सुनीता वर्मा, डॉ नीलिमा, डॉ अंजलि गुप्ता, डॉ अरुण अग्रवाल, डॉ संगीता जोगी, डॉ रश्मि शर्मा, डॉ प्रतिभा, डॉ सोनल, डॉ सृष्टि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आर ए शर्मा सहित अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद थी।

# शहर में रामकथा 12 जनवरी से, तैयारियां शुरू





**बिलासपुर।** संस्कारधानी बिलासपुर में 12 जनवरी से आयोजित हो रही श्री रामकथा को लेकर आयोजन समिति की पहली तैयारी बैठक रविवार को मुख्य संरक्षक एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के निवास में आयोजित की गई। इसमें रामकथा के बारे में पूरी जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि बिलासपुर में एक बार फिर श्रीधाम वृंदावन हेतु समर्पित श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 12 से 19 जनवरी तक किया जा रहा है। इसमें कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महाराज द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर में श्रीराम कथा आयोजन की शुरुआत वर्ष 2003 में राजा रघुराज सिंह स्टेडियम से हुई थी। इसके बाद वर्ष 2008, 2013, 2018, 2023 में सफलतापूर्वक कथा आयोजित की गई। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कथा व्यास संत प्रवर विजय कौशल महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम कथा की धारा बहेगी। बैठक में समिति के सदस्यों से आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने सुझाव मांगे गए। प्रचार-प्रसार, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा, प्रभात फेरी और अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। रामकथा नगर विधायक अमर अग्रवाल के संरक्षण में होगी।श्रीराम कथा आयोजन के एक दिन पहले 11 जनवरी को प्रातः 9 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित जगन्नाथ मंगलम से बाजे-गाजे व भव्य झांकी के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी।

आयोजन

## चालीहा महोत्सव में गाए गए भक्तिमय गीत



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव के नौवें दिन पंजवानी परिवार ने झूलेलाल धूनी का आयोजन किया। इसमें भजन-थोड़ा ध्यान लगा भक्ति और सिमरन में तो भगवान झूलेलाल दौड़े दौड़े चले आएंगे..सहित अन्य भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में चल रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल बाबा गुरमुख दास के छायाचित्र पर फूलों की माला पहनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अनिल पंजवानी, गौरव, रवि रुपवानी, मुंबई महाराष्ट्र के मशहूर गायक दादा मोहनदास तोलानी, चित्रा पंजवानी, सपना कलवानी ने भजनों की प्रस्तुति दी। डॉ रमेश कलवानी ने लोगों को स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया और कहा कि जब शरीर ही स्वस्थ नहीं रहेगा तो कुछ भी अच्छा नहीं लगेगा। जितना ध्यान हम अपनी गाड़ी, मोबाइल, टीवी और भौतिक वस्तुओं में देते हैं उसका यदि 10 प्रतिशत ध्यान अपने शरीर में लगाएं तो नई बीमारी जन्म नहीं लेगी। खान-पान पर ध्यान दें और मांस, मदिरा, गुटखा, पान, सिगरेट का सेवन बिलकुल न करें। अंत में पंजवानी परिवार ने संत सांई लाल दास का स्वागत किया। श्री सांई ने पंजवानी परिवार का सम्मान कर उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यशाला

## छात्राओं से जुड़ी समस्याओं पर बचाव की दी जानकारी



**बिलासपुर।** देवकीनंदन शासकीय कन्या विद्यालय में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रोजेक्ट आरुग की टीम ने छात्राओं को मासिक धर्म की जैविक प्रक्रिया, इसके प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक पहलुओं और लंबे समय से समाज में प्रचलित मिथकों के बारे में सरल तरीके से जानकारी दी। कार्यशाला की मुख्य अतिथि डॉ. नम्रता सिंह ने छात्राओं को मासिक धर्म, स्वास्थ्य से जुड़ी सामान्य समस्याओं, व्हाइट डिस्चार्ज, संक्रमण व इससे बचाव के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। किशोरावस्था में यौन गतिविधियों से दूर रहना क्यों जरूरी है, के बारे में भी बताया। अंत में प्रोजेक्ट आरुग के पर्यावरण अनुकूल पुनः उपयोग योग्य सैनिटरी पैड सभी छात्राओं को वितरित किए गए। प्राचार्या कल्पना दुबे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का वैज्ञानिक संवाद उनके विद्यालय में पहली बार आयोजित हुआ है, जिसमें छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा से जुड़ी हर महत्वपूर्ण जानकारी बिना किसी झिझक के साझा की गई। यह कार्यक्रम बास्ता एजुकेशन एंड हेल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। सहयोग शिव मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का रहा। यह प्रोजेक्ट आरुग के अंतर्गत संचालित हुआ।

स्पोटर्स न्यूज

# मार्शल आर्ट में स्कूली छात्रों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल उसलापुर मोहंती इंग्लिश मीडियम स्कूल ओम नगर, गुरु तेग बहादुर स्कूल 27 खोली व मंगला संत पलोटी स्कूल मंगला के बच्चों ने जिले का नाम रोशन किया है। आने वाली पीढ़ी को ओलंपिक खिलाड़ी बनाने जिला कीड़ो ओलंपिक मार्शल आर्ट स्पोट्र्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नीरु बिष्ट तथा पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह कलेक्टर तथा विधायक धर्मजीत सिंह के मार्गदर्शन में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देखकर उनकी खेल प्रतिभा निकालने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में अंबिकापुर के स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में इन स्कूल के बच्चों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया एवं 16-18 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया।रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल उसलापुर कि गरिमा खरे, गीतांजलि खरे, शिवेश नंदिनी कुर्रे, काम्या मरकाम, हंसिका यादव, साक्षी धृतरलहरे,महिमा देवांगन, जयश्री तिवारी,माही देवांगन,आरती मरावी,अभिनव सिंह यादव, गुरप्रीत सिंह ने पदक जीता।

इसी तरह मोहंति इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी श्रृंखला सिंह, प्रीति ध्रुव, रविंद्र सहगल,ने भी पदक जीता गुरु तेग बहादुर स्कूल 27 खोली की निमिषा शिंदे ने भी पदक जीता। सेंट पलोटी स्कूल मंगला की अनिका कश्यप वर्षा पैकरा तथा अवनीश कश्यप ने भी पदक जीता सकरी नवीन शासकीय कॉलेज की प्रतिभा साहू,किरण प्रजापति ने भी पदक जीत कर अपने कॉलेज के साथ जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर जिला संघ के अजीत सिह भोगल,डीके जायसवाल,अरविंद प्रताप सिंह,अजय सिंह, रूप लाला चावला,डॉ धर्मेन्द्र दास ने शुभकामनाएं दी।

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी, लखनऊ में गौरव का चयन



19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में प्रेस एवं मीडिया टीम के सदस्य के रूप में चयन प्राप्त किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वीर आज़ाद ग्रुप के प्रतिभावान रोवर गौरव राठौर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लखनऊ में आयोजित यह चयन राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा विस्तृत प्रक्रिया, आवेदन एवं साक्षात्कार के उपरांत किया गया। देशभर से प्राप्त आवेदनों में गौरव राठौर ने अपने उत्कृष्ट स्काउटिंग अनुभव, आत्मविश्वास एवं योग्यता के बल पर सफलतापूर्वक स्थान बनाते हुए ज़िले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स को गौरवान्वित किया है।

# एक्सीलेंस के खिलाड़ी का इंडिया असेसमेंट कैंप के लिए चयन







युवा कल्याण विभाग द्वारा स्व बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स का संचालन किया जा रहा है। उक्त अकादमी में राज्य भर के अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हॉकी खेल के तीन खिलाड़ी मो अल्फाज़ खान, मधु सिदार और दामिनी खुसरो इण्डिया असेसमेंट कैम्प के लिए चयनित हुए हैं। इन खिलाड़ियों को 15वीं हॉकी इण्डिया जूनियर हॉकी नेशनल चैम्पियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया गया है। विदित हों कि, हॉकी खिलाड़ी अल्फाज़ खान गोलकीपर हैं और मधुसिदार और दामिनी खुसरों फारवर्ड प्लेयर हैं। विगत वर्ष दामिनी खुसरों और मधु सिदार वेस्ट ज़ोन हॉकी चैम्पियनशिप में विजेता टीम का हिस्सा रही हैं। इस टूर्नामेंट में मधु सिदार सर्वाधिक गोलकर टॉप स्कोरर रहीं थी। अकादमी के हेड कोच अजीत लकड़ा और सीनियर कोच राकेश टोप्पो लगातार खिलाड़ियों को कड़ा और आधुनिक प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिससे खिलाड़ी लगातार इण्डिया असेसमेंट कैम्प में चयनित हो रहे हैं।

इस उपलब्धि पर खेल सचिव यशवंत कुमार, संचालक तनुजा सलाम, सहायक संचालक ए एक्का, खेल अधिकारी सुशील कुमार अमलेश, हॉकी अध्यक्ष फिरोज अहमद, हॉकी महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक बने संतोष



**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने विकासखंड के ग्राम डिंडोल निवासी संतोष साहू को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। वे पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायी प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्य समिति सदस्य, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन सिपाही,अध्यक्ष कृषि व्यापारी संघ लोरमी, जिला साहू संघ के संगठन सचिव, पूर्व सैनिक जिला संयोजक और लोरमी मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी जैसे पदों पर रह चुके हैं।

### सूरजमल स्कूल की प्राचार्य बनीं संगीता



**बिल्हा।** शासकीय सूरजमल उमा विद्यालय बिल्हा की प्रभारी प्राचार्य संगीता कुशवाहा ने प्राचार्य पद पर पदोन्नत होकर विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि संगीता कुशवाहा विगत 5 वर्षों से प्रभारी प्राचार्य के रूप में शाला का संचालन कर रही थीं। शासन द्वारा उन्हें प्राचार्य पद पर पदोन्नत करते हुए सूरजमल उमा विद्यालय में पदस्थापना देने पर स्टाफ के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। प्राचार्या कुशवाहा ने सभी को धन्यवाद देते हुए शाला संचालन में स्टाफ से सहयोग की अपेक्षा करते हुए बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया ।

### मिडिल स्कूल कोरमी में लगा बाल मेला



**बोदरी।** मिडिल स्कूल कोरमी शाला प्रांगण में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने अपने-अपने हिसाब से चाट-गुपचुप, इडली और विभिन्न प्रकार के चटपटे समान तैयार कर स्कूल प्रांगण में सुंदर बाजार का माहौल बनाया। इस मौके पर गांव के सभी महिला और पुरुष और बड़े बच्चे भी मौजूद रहे, और बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों को खरीद कर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच सुंदरी दिलहरण ध्रुव, गौरीशंकर यादव, राजकुमार कोशले, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष यादव सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। साथ ही कोरमी स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं धूमा संकुल प्रभारी, समन्वयक रात्रेजी, प्रधान पाठक सकल राम धीरज, आशुतोष मिश्रा, अनीता पटेल, सोमा राय आदि उपस्थित रहे।

### आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बने जायसवाल



**लगरा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने विभिन्न प्रकोष्ठों की प्रदेश स्तर पर संयोजक व सह-संयोजक की घोषणा की है। इसी कड़ी में बेलतरा विधानसभा से पेशी राम जायसवाल को आरटीआई प्रकोष्ठ का प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। इस मौके पर श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला का आभार व्यक्त किया है।

### विद्युत तार से बड़ी दुर्घटना की आशंका



**लगरा।** बिलासपुर-सीपत मुख्य मार्ग पर मोपका स्थित सीमेंट गोदाम के पास विद्युत पोल को वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे पोल पूरी तरह से नीचे झुक गया। पोल के झुकने के कारण विद्युत केबल भी नीचे झुक गई, जिसे बांस के सहारे उठाया गया। व्यस्त सड़क में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है, ऐसे में तार के ट्रेलर व कंटेनर में फंसने की आशंका बनी हुई है। इससे किसी बड़ी दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है।

## लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे स्टूडेंट्स

# रासेयो के स्वयं सेवकों ने किया पर्यावरण संरक्षण का प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सकरी

उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस की गतिविधियां उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुईं। दिन की शुरुआत सुबह एवं प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। इसके पश्चात योगाभ्यास, समस्त दल की बैठक, कार्य विभाजन, तथा चाय-नाश्ता के बाद स्वयंसेवकों ने अपनी-अपनी परियोजनाओं के अंतर्गत सौंपे गए कार्यों को पूर्ण किया। स्नान, भोजन एवं अल्प विश्राम के बाद शिविर में दिवस का मुख्य आकर्षण बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद बौद्धिक सत्र में अतिथियों ने महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे।

'स्वच्छ भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका' विषय पर टैगोर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन दीपक सिंह राजपूत ने अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने युवाओं की भागीदारी को स्वच्छ भारत अभियान का आधार बताते हुए बताया कि रासेयो स्वयंसेवक समाज में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं जनजागरूकता के सशक्त माध्यम हैं। डॉ मोहम्मद अख्तर रसूल ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण में रासेयो की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जानकीरंजन दास ने नई शिक्षा नीति, ग्रामीण विकास, डिजिटल इंडिया एवं युवा शक्ति की भूमिका पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। बौद्धिक सत्र उपरांत स्वयंसेवकों ने एनएसएस खेल रूमाल झपट्टा, समूह गतिविधियां एवं सायंकालीन तैयारियों में भाग लिया। दिन का समापन आकर्षक सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने लोकनृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक संदेशों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार ने किया।

कार्यक्रम में आकाश, अजय, देवेंद्र, समृद्धि, पल्लवी, रीना, वर्षा, हेमलता, तनुश्री, मोईन, निखिल, टेकचंद, यश, निकिता, अंकिता, संगीता, श्वेता, सुमन, तानिया, प्रीति, कीर्ति, जया, आदि स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की।



शिविर में शामिल शिक्षक व छात्र-छात्राएं।


कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी।

# गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान निबंध प्रतियोगिता

**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान सहित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ चंद्रशेखर सिंह शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा रायगढ़ एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ जेपी मिश्र महाविद्यालय की तृप्ति लकड़ा रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्राची सिंह ने की। मुख्य वक्ता डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि, जनजातियों की अपनी संस्कृति, परंपरा, एवं रीति-रिवाज हैं, उनके व्यवहार में सादापन है और भोलापन झलकता है। तृप्ति लकड़ा ने कहा कि, जनजातियों के सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव वीरता को बढ़ावा देने एवं इनके अथक प्रयासों को मान्यता देने हेतु इस दिवस को मनाया जाना चाहिए। प्राचार्य डॉ प्राची सिंह ने रानी दुर्गावती को याद करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी महिला वर्ग के प्रतिनिधित्व की बात कही। इस मौके पर छात्राओं के लिए जनजातियों का गौरवशाली इतिहास विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुल 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निबंध में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संयोजक सुरेंद्र कुमार तिग्गा एवं सहसंयोजिका प्रेमा केरकेट्टा ने किया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक मदन लाल कश्यप, राजेश कुमार घोंसले, अविनाश राठौर, डॉ शशांक शर्मा, मनोरमा भास्कर, डॉ डिंपल बंजारा, डॉ डेजी रानी दिवाकर, डॉ मधु यामिनी सोनी, नीतू राजपूत, विनीता साहू, वीरेन्द्र देवांगन एवं कार्यालयीन

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी जेल दाखिल

तखतपुर। नाबालिग को घर में अकेली देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को खिलाफ पुलिस ने महज चंद घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। परिजनों के साथ थाने पहुंचकर नाबालिग ने शिकायत दर्ज कराई कि, 30 नवम्बर को वह अपने घर पर अकेली थी। सुबह लगभग 11-12 बजे ग्राम खैरी निवासी करन नेताम उर्फ रामनारायण नेताम पिता स्व बैसाखु नेताम उम्र 23 वर्ष उसके घर आया और उसे अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया ।

## निधन

### पांचो बाई देवांगन



**बिलासपुर।** देवांगन मोहल्ला जूना निवासी पांचो बाई देवांगन का मंगलवार 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया। वे देव कुमार, अशोक कुमार, नरेश कुमार, बृजेश कुमार देवांगन की माता थीं।

### सुधाराम (दुकालू) देवांगन



**बिलासपुर।** चांटीडीह निवासी सुधाराम (दुकालू) देवांगन का 2 दिसंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार चिंगराजपारा मुक्तिधाम में किया गया। वे घुरुऊ प्रसाद देवांगन, संतानंद देवांगन के पिता एवं सुनील, राम, रवि देवांगन के दादा थे।

### सीताराम चंदेल



**रतनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सीताराम चंदेल का 75 वर्ष की आयु में मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 3 दिसंबर सुबह 10 बजे के बाद कृष्णार्जुनी तालाब स्थित श्मशान घाट में संपन्न होगा। वे सीताराम होटल के संचालक संजय चंदेल, डॉ. विजय चंदेल व डॉ. जय चंदेल के पिता थे।

### अशोक थदलानी



**पेंड्रा।** पेंड्रा निवासी अशोक थदलानी का मंगलवार 2 दिसंबर दोपहर 1 बजे निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार बुधवार 3 दिसंबर सुबह 10 बजे इंदिरा उद्यान मुक्तिधाम पेंड्रा में किया जाएगा। वे रमेश थदलानी एवं सुरेश थदलानी के बड़े भाई तथा रोहित थदलानी के पिता थे।

# भूमि पंजीयन में धोखाधड़ी की शिकायत पर कलेक्टर सख्त

## तत्काल जांच कर एफआईआर कराने दिए निर्देश

**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में जनदर्शन में लोरमी विकासखंड के ग्राम बरबसपुर की निवासी जानकी बाई ने भूमि पंजीयन में गंभीर धोखाधड़ी की शिकायत प्रस्तुत की।

कलेक्टर ने इस प्रकरण को अत्यंत गंभीर माना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल जांच कर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि संबंधी धोखाधड़ी जैसे संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जानकी बाई ने बताया कि राजस्व अभिलेख में उनके नाम दर्ज 1.34 एकड़ भूमि को रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के नाम पर आरोपियों ने छलपूर्वक अपने नाम पर विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) करवा लिया। उन्होंने यह भी बताया कि विक्रय पत्र में दर्शाई गई 06 लाख रुपये की राशि उन्हें न तो नकद मिली है और न ही उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है। आवेदिका ने आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। जानकीबाई की शिकायत पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाते हुए अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।


जनदर्शन में सुनवाई करते कलेक्टर।

# गोकुलपुर हाईस्कूल में छात्राओं को किया गया सायकल वितरण

**सकरी।** ग्राम गोकुलपुर हाईस्कूल में छात्राओं के लिए सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह थे। इस मौके पर श्री सिंह ने विद्यालय परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बेटियों को सशक्त बनाकर समाज को नई दिशा देती है।


सरकार की हर योजना का केन्द्र बिंदु बेटियों का भविष्य सुरक्षित करना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, जिला पंचायत सभापति भारती माली, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकारी सदस्य दिनेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष द्वय विनोद यादव, रामकुमार निर्मलकर, जनपद सदस्य द्वय सावित्री बलराम श्रीवास, लखन सूर्यवंशी, सरपंच बलराम पोर्ते, मंडल महामंत्री मोहन पाटले, बिहारी सिंह टोडर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच मुंजन साहू, कृष्णा यादव, गिरीश गोस्वामी, सुनील कौशिक, सुरेन्द्र दत्त शुक्ला, चंद्रप्रकाश कौशिक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।



# गलत बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई हितग्राही की राशि

**मल्हार।** ग्राम पंचायत जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। पात्र हितग्राहियों को जारी की जाने वाली पहली किस्त की राशि गलत बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गई, जिसके कारण पात्र परिवार अब तक अपने आवास का निर्माण शुरू नहीं कर पाया हैं।

मामले की शिकायत स्थानीय स्तर से लेकर जिला कार्यालय तक कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक पीड़ितों को राशि वापस नहीं मिली है। मंगलवार को ग्राम पंचायत जुनवानी निवासी रामकिशुन रजक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और पूरे प्रकरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, उनके दोनों पुत्रों दिनेश और मनोज को आवास योजना के तहत 40-40 हजार रुपए की पहली किस्त स्वीकृत हुई थी। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते यह राशि किसी अन्य हमनाम ग्रामीणों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई। रामकिशुन के मुताबिक, जिन व्यक्तियों के खातों में राशि भेजी गई है, उनके पिता के नाम अलग हैं, बावजूद इसके भुगतान प्रक्रिया में ऐसी बड़ी गड़बड़ी हो गई। पीड़ित हितग्राही मनोज पिता रामकिशुन और दिनेश पिता रामकिशुन के दिव्यांग पिता का कहना है कि, पहली किस्त न मिलने से उनका आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। परिवार पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और अब सरकारी योजना की राशि दूसरे की खाते में जाने के कारण स्थिति और कठिन हो गई है। रामकिशुन रजक ने कलेक्टर से मांग की है कि, मामले की तत्काल जांच कराते हुए पात्र हितग्राहियों की राशि वापस कराई जाए, ताकि वे नियमानुसार अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू कर सकें। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए मामले में शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है।



### एफआईआर दर्ज कराने का प्रावधान

मामले में शिकायत के अनुसार जब पैसा गलत बैंक अकाउंट में ट्रांसफर का प्रकरण सामने आ चुका है, तो उक्त राशि वापस लौटाई जानी चाहिए। यदि कहीं पैसे नहीं लौटाए जाते तो उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। इसके बावजूद अब तक विभाग द्वारा कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### सीआईएसएफ जवान के सूने मकान में चोरों का धावा

**कोरबा।** एक सीआईएसएफ का जवान विगत दिनों रात्रि पाली की ड्यूटी पर गया हुआ था। इस दौरान उसके सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने नगदी रकम सहित हजारों का माल पार कर दिया है। जवान की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर मकान नंबर बी/102 में सीआईएसएफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ रत्नेश्वर मिश्रा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 नवंबर की रात वह अपने घर में तालाबंद कर रात्रि पाली की ड्यूटी में गेवरा खदान गया हुआ था। जब अगले दिन सुबह वापस लौटा तो उसने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरे हुए थे।

# राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा के लिए टीम कर्नाटक रवाना



**लोरमी।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय शतरंज 19 वर्ष बालक - बालिका चैंपियनशिप का आयोजन बेंगलुरु कर्नाटक में 6 से 7 दिसम्बर तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ दल का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दाऊपारा मुंगेली में 30 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2025 तक आयोजित था। छत्तीसगढ़ राज्य टीम में बालक 19 वर्ष में यश सिंह रायपुर सम्भाग, शिवांश शुक्ला रायपुर सम्भाग, यश शर्मा बिलासपुर संभाग, उत्कर्ष यादव रायपुर संभाग, सोमेश सिंह राजपूत बिलासपुर संभाग एव बालिका 19 वर्ष वर्ग में अंकिता धृतलहरे बिलासपुर संभाग, वंदना साहू दुर्ग संभाग, मंजुला साहू रायपुर संभाग, कावेरी साहू रायपुर संभाग, कंचन साहू रायपुर संभाग है । छत्तीसगढ़ दल के दल प्रबंधक सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी मुंगेली विजय कुमार वर्मा एवम प्रशिक्षक राष्ट्रीय प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह, मैनेजर मुकेश सिंह राठौर एवम बालिका मैनेजर राजेश्वरी ध्रुवंशी हैं। छत्तीसगढ़ दल मंगलवार की शाम शिवनाथ एक्सप्रेस में बिलासपुर रेलवे स्टेशन से बेंगलुरू के लिए रवाना हुई।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**:: सूचना ::**

क्रमांक .../ .../ सीमांकन/ रा.नि./2024

दिनांक 28.11.2025

आवेदक - नुदरत परवीन

आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी-
1. गोविंद पाल, 2. सरकार जी, 3. राठौर
अन्य सर्व संबंधित

**विषयः**- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

**संदर्भः**- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. .../ तह./ ना.तह./ वा./ 2024, बिलासपुर दिनांक 24.11.2025

ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 187/61, 187/62 रकबा 0.024, 0.020 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका नुदरत परवीन पि./प. परवेज निवासी जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व सहिंता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ अति.तह. / ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन ओदश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 08.12.2025 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**टीपः-अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।**

**राजस्व निरीक्षक सिरगिटटी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

---

**कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी,**
**तह.सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन / स्थल निरीक्षण सूचना**

प्रति,
सर्वश्री/श्रीमती 1. सुधीर कुमार गुप्ता/ चुन्नीलाल गुप्ता, आवेदक वेयरहाउस, बिलासपुर 2. केजा बाई 3. दीपक पात्रे 4. अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषय:** सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।

**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 11/11/2025

संदर्भीत विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम काठाकोनी प.ह.न.48 .रा.नि.म. पेण्डारी तह.सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं.180/5क, 180/34, 180/35, 180/36, रकबा 0.007, 0.007, 0.007, 0.007 एकड़ / हेक्टेयर भूमि स्वामी सुधीर कुमार गुप्ता पिता/ पति चुन्नीलाल गुप्ता के द्वारा सीमांकन / स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन / स्थल निरीक्षण दिनांक 12/12/2025 को लगभग 1.00 से 5 :00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अत: सूचना जानें।

**टीप:-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणो से सीमांकन / स्थल निरीक्षण/बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म. पेण्डारी,**
**तह.सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.:- ............

ग्राम चिचिरदा तहसील सकरी जिला बिलासपुर

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम भरनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सवित्री ध्रुव पिता मोहन पति शिवप्रसाद ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम टिकैत पेंड्री तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा मौजा चिचिरदा प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 381/2, 551/6 रकबा क्रमशः 0.2020, 0.3080 हेक्टेयर आवेदक सहित बहोरिक पिता मोहन, संतोष पिता मोहन को फौती नामांतरण से प्राप्त हुआ है। वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदिका का घरेलू नाम अंकित है। जो कि त्रुटिपूर्ण है, के स्थान पर वास्तविक नाम सावित्री ध्रुव राजस्व अभिलेख में करने हेतु धारा 115 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी 15/12/25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 28/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

---

**समक्ष: नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं अश्वनी कुमार साहू आयु 52 वर्ष पिता स्व.शिव नारायण साहू निवासी विश्वकर्मा मोहल्ला पेंड्रा तह.पेंड्रा जिला बिलासपुर (छ.ग.) का/की हूँ जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता/ती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम एवं पते का/की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 3574 1797 3010, पेन नं. DNMPS7834C एवं बैंक खाता में मेरा नाम अश्वनी कुमार साहू है, जो सही व सत्य है।
3. यह कि मेरा पुत्री श्रधा साहू की शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम अश्वनी साहू दर्ज है।
4. यह कि अश्वनी कुमार साहू एवं अश्वनी साहू एक ही व्यक्ति है जो मेरा ही नाम है।
5. यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित कर रहा/ही हूँ।

**अश्वनी कुमार साहू**
**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं अश्वनी कुमार साहू यह सत्यापित करता/ती हूँ कि शपथपत्र कि कंडिका 1 से 5 तक दी गयी जानकारी सही एवं सत्य है। जिसे आज मैं पढ़कर, सुनकर, समझकर गवाहों के समक्ष आज दिनांक 02/12/2025 को बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

**अश्वनी कुमार साहू**
**शपथकर्ता**

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र./..../बी-121/2025-26

ग्राम................प.ह.नं.................

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक शुक्ला आ. ज्ञानशंकर शुक्ला जाति ब्राम्हण निवास मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने बहन रश्मि शुक्ला आ. ज्ञानशंकर की मृत्यु/जन्म दिनांक 24.10.1969 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11.12.2025 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि को पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**मुंगेली**

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना**
**जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
**(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)**

रा.प्र.क्र........................ब-121/2025
क्रमांक/433/वाचक/तह./2025 लालपुर थाना
दिनांक 20.11.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम ईलचपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र भास्कर पति/ पिता श्री कालूदास जाति सत. साकिन ईलचपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/ पुत्री/पुत्र/दादा/ दादी/ भाई/ बहन पत्नि- नीतू बाई आ. श्री सुरेन्द्र भास्कर के मृत्यु दिनांक 22.5.2021 ग्राम ईलचपुर को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.12.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. /अ-6-अ/2024-25
ग्राम मोहनभाठा प.ह.न.

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मोहनभाठा प.ह.न. 20 रा.नि.म. मनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश प्रसाद दुबे पिता रामजी प्रसाद दुबे निवासी ग्राम पीपरतराई तह कोटा जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम मोहनभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 468/2/ख रकबा 0.1010 हे. से राजस्व अभिलेख त्रुटिवश संतोष कुमार दुबे पिता जगदीश प्रसाद दर्ज हो गया है उक्त भूमि व आवेदक के नाम दर्ज किये जाने भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय 08/12/25 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 19/11/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी
अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश बिल्हा बिलासपुर, बिलासपुर**
**- ज्ञापन -**

श्रीमती सुधा दुबे....आवेदिका/वादिनी
**बनाम**
आम जनता वगैरह...प्रतिवादीगण/अनावेदक

प्रो.क्र.614/25
व्य.वाद.क्र.SUCCESSION CASE:-3/2025,
आदेश दिनांक : 20.11.2025
पेशी ता0:-09.01.2026

आम जनता, जिससे संबंधित हो,

वादिनी ने इस माननीय न्यायालय में एक व्यवहार वाद वास्ते अपने पति स्व. हेमंत दुबे पिता स्व.शांति दुबे निवासी ग्राम चकरभाठा, थाना चकरभाठा तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की मृत्यु की उद्घोषणा एवम उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत पेश किया है। जिसकी पेशी दिनांक 09.01.2026 को नियत है। आपको इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 09.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसी किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होंवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो वादिनी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सकें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक:-

**(आकांक्षा सक्सेना)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग/वरिष्ठश्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस**

उत्तरा.प्र.क्रं 67/2025
आदेश दिनाक 20-11-2025
पेशी दिनाक 07-01-2026
प्रो.नंबर- 211/2025

आशीष श्रीवास्तव **बनाम** इस्टेट ऑफ लेट व 2 अन्य
बनाम :- आम जनता, जिनका इससे संबंध हो।

चूंकि आवेदक आशीष श्रीवास्तव के द्वारा इस माननीय न्यायालय के समक्ष अपने मृत माता अनुपमा श्रीवास्तव पत्नि स्व. श्री विजय चंद्र श्रीवास्तव की भारतीय स्टेट बैंक, कलेक्ट्रोरेट शाखा, बिलासपुर में स्थित खाता क्र. 1059777369 में जमा पेंशन राशि 2,44,000/-रु. प्राप्ति बाबत उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाबत आवेदन धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पेश किया है, जो सुनवाई हेतु इस माननीय न्यायालय में दिनांक 07.01.26 को नियत है, अत: सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अनुसार आवेदक के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में किसी को भी किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर हो तो वे अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो, पेशी तिथि 07.01.26 को उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते हैं, यदि उक्त तिथि को किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जायेगी। यदि आप उक्त तिथि को अनुपस्थित रहे तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा ।

अत: आज दिनांक 24.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में विश्व एड्स दिवस पर 'व्यवधानों पर विजय पाएं, एड्स के प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएं' थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ एमआर आगर ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण, इसके कारण एवं रोकथाम के उपाय एवं जागरूकता के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ आरपी शर्मा, डॉ संजय भजनकर, जागृति शर्मा एवं सीमा डडसेना सहित अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो रूपेंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन रेडरिबन क्लब एवं एनएसएस प्रभारी खगेश कुमार ने किया।

### मितानिनों व बीएलओ को किया गया सम्मानित



**मस्तूरी।** विकासखंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भरारी में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भरारी में कार्यरत मितानिन शकुन्तला श्रीवास, अमारीन राज, झंगतीन पैकरा एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सफलता पूर्वक शत प्रतिशत संपन्न करने के लिए ग्राम पंचायत भरारी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीएलओ अंजू पटेल एवं राधिका राज सहित सभी को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच रेखा टंडन, उपसरपंच उमाशंकर पटेल, पूर्व सरपंच द्वारिका टंडन, अंचला मधुकर मितानिन प्रशिक्षक, अमृता जांगड़े, पंच सरोज पैकरा, नारायण राज, मोहन पैकरा, गौतरहीन पैकरा, राजू पटेल, दया कैवर्त, राम सागर कैवर्त, गजपाल विश्वकर्मा, प्रकाश सहित अनेय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल धमनी के नए प्राचार्य ठेठवार ने संभाला पदभार



**सरगांव।** संकुल केंद्र धमनी के अंतर्गत संचालित शासकीय हाईस्कूल धमनी में नए प्राचार्य के रूप में दिलीप ठेठवार ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे हायर सेकंडरी स्कूल कुदुदंड में व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे रहे थे। विगत दिनों शिक्षा विभाग की ओर से जारी पदोन्नति सूची में उन्हें प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में विद्यालय के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे, जिनमें प्रधानपाठक नरेंद्र त्रिपाठी, शिक्षक राम सिंह ठाकुर, मोतीलाल अनंत, अशोक बरगाह, सुशीला ध्रुव, तथा छन्नूराम भारद्वाज शामिल थे।

### चेन्नई में सम्मानित हुए चन्द्रशेखर



**मुंगेली।** भारतीय जीवन बीमा निगम मुंगेली के अभिकर्ता चन्द्रशेखर शर्मा को चेन्नई ट्रेड सेंटर हॉल में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान जीवन बीमा के एमडीआर दोरईस्वामी द्वारा 25 वर्ष से अध्यक्ष क्लब का सदस्य होने के कारण मोमेंटो व शाल देकर सम्मानित किया गया। चन्द्रशेखर शर्मा को इस सम्मान के साथ आजीवन सदस्यता से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि, श्री शर्मा छत्तीसगढ़ से एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें यह सम्मान मिला है। इस उपलब्धि पर मंडल प्रबंधक बिलासपुर संजीव कुमार मालवी, पीके तनकर पाले, आलोक तिवारी, यूएस उपाध्याय, सौरभ शिदें, दीपक अभिकर्ता संजय, यादव, राजेन्द्र जायसवाल, जगदीश तिवारी, विजेन्द्र नामदेव, शरदचंद साहू, दीपक पांडेय ने बधाई दी।

### उरतुम में भारतीय किसान संघ की बैठक

**बेलतरा।** ग्राम उरतुम में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। बैठक में धान बेचने टोकन सिस्टम व रकबा घटाये जाने जैसे समस्याओं पर चर्चा हुई। सामाजिक कार्यकर्ता किसान भूपेंद्र गौरहा ने कहा कि टोकन की संख्या शासन को बढ़ाना चाहिए तथा घान तौलते समय किसान से ज्यादा धान न ले पर भी ध्यान देने की जरूरत है, किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर अपने संबोधन में किसान की एकता व संगठन पर जोर दिया। इस अवसर पर अनिल गौरहा, हरनारायण गौरहा, संतोष उपाध्याय, रियाज मेमन, छोटे लाल साहू आनन्द कुमार, खोलबहरा यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

---

मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो व मेडल देकर किया गया सम्मानित

# सोशल मीडिया जागृति का माध्यम बने, विकृतियों का नहीं: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

विरानी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल सीपत में मंगलवार को वार्षिक खेल दिवस का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के साथ स्वागत किया। श्री शुक्ला ने कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सिक्का उछालकर सिटी बजाते हुए मैच की शुरुआत कराई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जनपद सदस्य देवेश शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, सीपत क्षेत्र का यह विद्यालय सीमित संसाधनों में भी शिक्षा का दीप जलाए हुए है। यह केवल पढ़ाई नहीं, पुण्य का कार्य है। विद्यालय परिवार व शिक्षकों की यह निष्ठा सराहनीय है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को तकनीक के सही उपयोग का संदेश देते हुए कहा कि, आज बच्चे मोबाइल को बेडरूम तक ले जा रहे हैं। मोबाइल पारिवारिक जीवन को नष्ट कर रहा है। तकनीक बढ़ने के लिए है, जीवन को बिगाड़ने के लिए नहीं। सोशल मीडिया का उपयोग जागृति के लिए होना चाहिए, विकृतियों के लिए नहीं। उन्होंने विद्यालय को सुझाव देते हुए कहा कि, छात्रों को एनएसएस और एनसीसी से अधिक संख्या में जोड़ें, ताकि उनमें अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित हो सके।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित करते विधायक सुशांत।

मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि, विरानी पब्लिक स्कूल रचनात्मक कार्यक्रमों और शिक्षा संस्कार के उत्कृष्ट समन्वय के लिए जाना जाता है। ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य यह विद्यालय वर्षों से निरंतर कर रहा है। अतिथियों ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को ट्राफी, मोमेंटो और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। मंच पर एनटीपीसी इंटक यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सलीम वीरानी और विद्यालय की प्राचार्या तारागिरी भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पांडेय व रितु डोंगरे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

---

## केंदा घाटी में यात्री बस पलटी एक की मौत 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही से बिलासपुर आ रही यात्री बस केंदा घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई है। वहीं 3 लोग घायल हो गए है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की शाम मरवाही से बस क्रमांक सीजी 10 जी, 0336 का चालक यात्रियों को लेकर बिलासपुर आ रहा था। शाम 5.30 बजे ड्राइवर के द्वारा तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाने से केंदा घाटी में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों की चीख पुकार गुंजने लगी। हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया है। हादसे में बस में सवार केंदा सेमरी निवासी यशपाल कंवर पिता त्रिभुवन सिंह 20 साल की मौत हो गई है। वहीं यात्रियों का चोट आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं यात्रियों को दूसरे बस में बैझाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया है।

## वैदिक कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न



समापन पर उपस्थित अतिथि।

**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय सीपत की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम मंजूरपहरी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन सोमवार 1 दिसंबर को हुआ। शिविर अवधि के दौरान शिविरार्थियों ने स्वच्छता अभियान, स्लोगन लेखन, जनजागरूकता रैली, प्रेरक नारे और विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

■ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरुक

प्रत्येक रात्रि आयोजित रचनात्मक कार्यक्रमों ने शिविर को ऊर्जावान रूप दिया। शिविर के छठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि, छात्र जीवन वह काल है, जिसमें व्यक्ति अपनी इच्छाओं, लक्ष्यों और सपनों को आकार देता है। समय सबसे अमूल्य है और आज के प्रतिस्पर्धी दौर में कम समय में अधिक साधना ही सफलता की पहचान है। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिल्हा जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बिल्हा जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, भाजयुमो नेता ललित यादव, अय्यूब खान उमा स्कूल मचखंडा के प्राचार्य जआर पुलस्त, जेडी कॉन्वेंट के प्राचार्य प्रमोद रजक, सरपंच उषा मिलनदास मरावी, उपसरपंच जितेंद्र सरूता, पूर्व जनपद सदस्य श्रीराम नेताम, प्रधानपाठक देवकुमार पारकर, पंचगण सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर साहू ने किया। सातवें दिन शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर शिविर का समापन किया गया। शिविर को सफल बनाने में संस्था सचिव अशोक श्रीवास, सहायक प्राध्यापक आकांक्षा भारती, रविशंकर यादव एवं सभी विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

## सेना से सेवानिवृत्त होकर शहर लौटे जवान का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटने पर ग्रामवासियों ने जवान का देशभक्ति गीतों व भारत माता की जय के जयकारे के साथ स्वागत किया।

■ उस्लापुर स्टेशन से गांव पेंड्री घर निकाली गई स्वागत रैली

ग्राम पेंड्री निवासी लालाराम कौशिक के पुत्र अनिल कौशिक सेना में अपना सेवा समाप्त कर वापस अपने शहर पहुंचे तो उस्लापुर स्टेशन से उनके गांव पेंड्री घर तक स्वागत रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्री कौशिक ने 24 सितंबर 2008 को जोधपुर में सोल्जर टेक्निकल पोस्ट से इंडियन आर्मी में अपनी सेवा की शुरुआत की और 17 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद 2025 में मुंबई के शांता क्रूज आर्मी कैंप से अपनी सेवानवृत्त हुए। उन्होंने आपरेशन जारा 2019 और आपरेशन सिंदूर 2025 में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंगलवार को घर वापसी पर पेंड्री लोग ने बीच उन्हें पाकर गदगद हो गए। इस मौके पर जवान अनिल कौशिक ने कहा कि, 17 साल बाद मेरे लिए उसी घर और उसी मिट्टी की सुगंध में अपनों के बीच वापस आना बहुत सुखद है। उन्होंने कहा कि, युवा और युवतियों को इंडियन आर्मी, नेवी में शामिल होकर देश सेवा के लिए जरूर प्रयास करना चाहिए। स्वागत सम्मान तिरंगा यात्रा में जिपं सदस्य शिवेंद्र प्रताप कौशिक ने कहा कि, अनिल का देश सेवा पश्चात घर आना अत्यंत सुखद है, और गांव के लिए यह गौरव का पल है। उनके पिताजी लालाराम कौशिक ने कहा कि, उनके सैनिक बेटे अनिल के कारण ही उनका समाज में और अन्य जगहों पर सम्मान और परिचय होता है। गांव के युवा एंटरप्रेन्यौर आशीष कौशिक ने तिरंगा यात्रा का संचालन करते हुए कहा कि, माथे पर जिस तिलक को लगाकर अनिल को देश सेवा में भेजे थे, वही तिलक उसी माथे पर फिर से लगाना और आरती करना और तिरंगा लहराते हुए देखना ईश्वर की कृपा के समान है। वरिष्ठ पूर्व शिक्षक और भोलाराम कौशिक ने उनके इस सम्मान और सेवानिवृति को गांव और युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर अनिल की मां कुमारी बाई कौशिक, ससुर रामकुमार कश्यप, शिशिर कौशिक, अर्चना कौशिक, पत्नी नंदनी कौशिक, बहन शारदा कौशिक, चाचा रामकुमार, गणेश कौशिक सहित परिवारजनों ने फूल माला व आरती की थाल से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सूर्यवंशी, उपसरपंच शिव कुमार यादव, अर्जुन साहू, विजय कौशिक, रामेश्वर कौशिक, सुनील कौशिक, विवेक कौशिक, दिलीप पांडेय, भगवानदीन श्रीवास, गोपाल श्रीवास, रामानंद देवांगन, मुकेश कौशिक, मनीष कौशिक, राजा मनहरण, ऋषि पारधी, गोपाल सहित सैकडों की संख्या में लोग मौजूद रहे

### कलेक्टर ने किया महिला एवं बाल विकास कार्यालय का निरीक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय का कलेक्टर कुन्दन कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय गतिविधियों, विभिन्न पदों हेतु चल रही भर्ती प्रक्रिया तथा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। कलेक्टर ने विभिन्न पदों के लिए चल रही भर्ती में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण की जाएं, ताकि विभागीय कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को कार्यालय में फाइलों की अव्यवस्थित स्थिति, स्वच्छता की कमी और कार्यस्थल का असुचिता वाला वातावरण देखने को मिला। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार करने के आदेश दिए। साथ ही, कार्यालय व्यवस्था में लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभाग में कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने, फाइल प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने तथा साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दें।

## शराब दुकान को लेकर दो हिस्सों में बंटा गांव



शराब दुकान के विरोध में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम बोदा में शराब दुकान को लेकर गांव दो हिस्सों में बंट गया है। एक तरफ महिलाएं, छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण जो सामाजिक व पारिवारिक कारणों से विरोध कर रहे हैं, दूसरी तरफ कई गांवों के लोग जो वैध दुकान खुलने के समर्थन में हैं।

■ प्रशासन के सामने निर्णय लेने की चुनौती

अब प्रशासन के सामने दोनों पक्षों को संतुलित करते हुए निर्णय लेने की चुनौती है। ग्राम सिपाही, बोदा और आसपास के क्षेत्रें की बड़ी संख्या में महिलाएं, स्कूली छात्राएं और ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर कहा कि, गांव में शराब दुकान खुलने से युवाओं में नशे की लत बढ़ेगी, परिवारिक कलह और सामाजिक समस्याएं बढ़ेंगी, महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक माहौल पर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि यदि गांव में शराब दुकान खोली गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दूसरी ओर बोदा पंचायत सहित सेतगंगा, तालम, सिल्ली, फास्टरपुर, लालपुर, तरवरपुर, खैरा और हरियरपुर सहित कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण शराब दुकान खोलने के समर्थन में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने भी कलेक्टर जनदर्शन में अपना आवेदन सौंपा। समर्थन करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि, शराब दुकान खुलने से अनियंत्रित और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी। ग्रामीणों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की मजबूरी खत्म होगी।

इन ग्रामीणों ने भी कहा कि यदि शासन शराब दुकान खोलने में देरी करता है तो वे भी आंदोलन करने पर विचार करेंगे। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से दोनों पक्षों का आवेदन प्राप्त हुआ है, जल्द ही दोनों पक्षों के ग्रामीणों से चर्चा की जाएगी। इसके बाद पूरे मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी और उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुरु बालदास के सानिध्य में निकली सतनाम शोभायात्रा

**मुंगेली।** गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व के अवसर पर सतनामी समाज के मार्गदर्शक एवं गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में प्रदेश स्तरीय सतनाम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची।

परंपरा के अनुसार गुरु प्रकाश पर्व की शुरुआत मुंगेली स्थित सतनाम भवन में विधिवत पूजा-अर्चना से की गई, जहां गुरु बालदास साहेब ने मानव समाज एवं समस्त संत समाज के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की मंगलकामनाएं की। इस आयोजन में गुरुदेव के साथ सतधारी गुरु सोमेश बाबा, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं गुरु सौरभ साहेब की संयुक्त उपस्थिति ने गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व को अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा, उत्साह एवं भव्यता प्रदान की।



गुरूओं का स्वागत करते सामाजिकजन।

शोभायात्रा के दौरान गुरु बालदास साहेब तथा सतधारी गुरु सोमेश बाबा रथ में श्रद्धालुओं के अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। वहीं, दूसरी ओर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं गुरु सौरभ साहेब घोड़े पर सुशोभित होकर समाजजनों का अभिनंदन ग्रहण कर रहे थे।

शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची, जहां आयोजित मुख्य कार्यक्रम में चारों गुरुजनों ने मंच से समाज को गुरुवाणी के माध्यम से आशीर्वचनों की वर्षा करते हुए गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय सतनाम सेना, सतनामी समाज के पदाधिकारी, युवा साथियों, मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं को गुरुजनों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

---

जिलाध्यक्ष के खिलाफ अफवाहों का महिला नेत्रियों ने किया खंडन

# शुरू से ही कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता रहीं हैं गजमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिला कांग्रेस कमेटी की नई अध्यक्ष गजमती भानु को निशाना बनाते हुए सोशल मीडिया सहित कुछ अन्य माध्यमों से भ्रामक खबरें फैलाने के आरोपों ने राजनीतिक माहौल में गर्मी पैदा कर दी है। कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेताओं ने इसे बीजेपी और कुछ स्वार्थी फूलछाप कांग्रेसियों की सोची-समझी साजिश करार दिया है।

गजमती भानु के कार्यक्रम की एडिट की हुई तस्वीरें वायरल कर यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि, वे पहले भाजपा, जोगी कांग्रेस या गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से जुड़ी थीं। इन आरोपों को पूरी तरह निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए जिले की महिला जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेता-नेत्रियों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। नेत्रियों ने स्पष्ट कहा कि, गजमती भानु शुरू से ही कांग्रेस पार्टी की सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रही हैं। वे जिला पंचायत सदस्य, दो बार सेमरा की सरपंच सहित जीपीएम जिले की महिला कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में उल्लेखनीय जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। नेताओं ने कहा कि, गजमती भानु के लम्बे राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाना केवल कांग्रेस संगठन को कमजोर करने की एक विफल कोशिश है। प्रेस बयान जारी करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पोर्ते, जनपद पंचायत मरवाही अध्यक्ष जानकी खुसरो, पूर्व जनपद अध्यक्ष गौरेला ममता पैकरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष पेंड्रा आशा बबलू मरावी, पूर्व जिपं सदस्य जानकी सर्राटी, पूर्व जिपं सदस्य संगीता करसायल, जपं सदस्य मूरमूर राजमती नागेश, सविता राठौर, सविता भानु, सुनीता तिमोती, अनीता यादव, शहनाज बेगम, शहनाज बानो, शांति भानु, रेखा तिवारी, रीता तंवर, मानकुंवर करसायल, तारा मार्को, रेखा रंजन, अलका ताम्रकार, तस्लीम राइन, देवकी कोल आदि मौजूद रहीं। नेत्रियों ने कड़ा बयान जारी करते हुए कहा कि, गजमती भानु के खिलाफ गलत अफवाहें फैलाना, कांग्रेस संगठन को कमजोर करने की रणनीति है। लेकिन पार्टी व जनता दोनों उनके साथ खड़े हैं, और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।




## जेएमपी कॉलेज का रासेयो शिविर शुरू

**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से ग्राम पंचायत खपरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि, महाविद्यालय के स्वयंसेवक विद्यार्थी 7 दिवसीय विशेष शिविर में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करेंगे।



साथ ही अपनी बहुमुखी प्रतिभा के माध्यम से समाज के विकास में अपना योगदान देगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खपरी के सरपंच शिव मोहन बंजारे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का हमारे गांव में आना हमारे गांव के लिए गर्व की बात है। हमारे ग्राम पंचायत द्वारा जो भी संभव होगा हम इन छात्र-छात्राओं की मदद करेंगे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डीपी चंद्रवंशी ने आभार प्रदर्शन करते हुए सरपंच का धन्यवाद किया। शिविर में 25 छात्राएं और 23 छात्रों ने भाग लिया है। शिविर का उद्देश्य मतदाता जागरूकता, एसआईआर के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देना, एड्स एवं स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक अजीत नेताम, शिव कुमार साहू, छबिलाल श्रीवास, हिरदेश कौशिक, पंचराम निषाद, रासेयो स्वयंसेवक सागर निषाद, गीतेश जायसवाल, नवीन साहू, संध्या यादव, अंकिता बघेल, खुशी सोमवती, अंशु मानसी, किरण, प्रतिज्ञा, अक्षय, आलोक, प्राची, आयुष, नेहा, गायत्री, गरिमा, यशपाल, कृष्णा, कुलदीप, शत्रुघ्न, काजल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पत्नी ने की खुदकुशी पति-महिला पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** प्रताड़ना से त्रस्त महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पति व एक महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि 10 नवंबर को एनी कालोनी निवासी पूर्णिमा राजपूत पति राजेन्द्र राजपूत ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन ने पति राजेन्द्र राजपूत व उसकी परिचित सुषमा कौशिक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जांच में खुलासा हुआ कि मृतका की 11 साल पहले राजेन्द्र राजपूत से शादी हुई थी। शादी के बाद से उसका पति प्रताड़ित कर रहा था और उसका सुषमा कौशिक से अवैध संबंध था। महिला सुषमा कौशिक कई बार घर भी पहुंच गई थी और पूर्णिमा राजपूत को घर से निकल जाने की धमकी देती थी। पुलिस ने जांच के बाद पति राजेन्द्र राजपूत, सुषमा कौशिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्र को कुत्ते ने काटा मालिक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** स्कूटी से घर जा रहे छात्र को पड़ोसी के पालतु कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मसानगंज काली मंदिर निवासी तुषार मिश्रा पिता स्व. आदर्श मिश्रा बीजेएमसी की पढ़ाई कर रहे है। 1 दिसंबर की रात 10.30 बजे वह अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। घर के पास पड़ोसी ऋचा तिवारी के पालतु कुत्ते ने तुषार के दाहिना पैर के जांघ को काटकर जख्मी कर दिया है। इसके पूर्व उनकी बहन कनिष्का मिश्रा को उक्त पालतु कुत्ते ने काटकर जख्मी किया था। उस दौरान शिकायत करने पर श्रीमती तिवारी ने माफी मांग ली थी, जिससे वह रिपोर्ट नहीं लिखाया था। इसके बाद भी पालतु कुत्ते को खुला छोड़ दिया जा रहा है। पुलिस ने अब शिकायत के आधार पर कुत्ता मालिक ऋचा तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार का दरवाजा खोलने से वकील घायल

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सकरी सैदा निवासी वकील विवेक दुबे पिता चितगोविंद दुबे 1 दिसंबर की शाम 4.45 बजे जिला न्यायालय से घर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान खड़ी कार क्रमांक सीजी 10 बीव्ही, 4590 के चालक ने लापरवाही पूर्वक दरवाजा खोल दिया। जिससे उनके हाथ, पैर में चोट आई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मामूली विवाद पर छात्र पर चाकू से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जशपुर बागबहार मांकर चुवां निवासी सनत कुमार भगत पिता रामदेव भगत दयालबंद नारियलकोठी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है। 30 नवंबर की शाम 5.30 बजे वह किराना दुकान से मच्छर अगरबत्ती खरीदकर मोबाइल में बात करते रूम जा रहे थे। शुलभ शौचालय के पास चप्पू सोनकर ने उन्हें उपर जाकर बात करने कहा। उन्होने उसके साथी को समझाने को कहा तो चप्पू सोनकर आवेश में आकर गाली गलौज करते हुए बड़ा दादा बनता है कहते हुए पीछे से चाकू से जांघ पर हमला कर दिया। उसके बाद जान से मार देने की धमकी देते हुए चला गया था। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सब्जी व्यापारी परेशान** | मंगलवार की शाम निगम की टीम ने मुश्किल से पंचनामा किया और रिपोर्ट तैयार की

# जहां अभी है वहीं बनेगा बृहस्पति बाजार का मल्टीलेवल बाजार, सर्वे के दौरान हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार में बनीं 32 पक्की दुकानों का मंगलवार को सर्वे किया गया। इस दौरान स्थानीय सब्जी व्यापारियां ने निगम टीम का घेराव कर दिया। इससे हंगामा मच गया।

निगम की टीम ने मुश्किल से पंचनामा किया और रिपोर्ट तैयार की। कहा जा रहा है कि अब इसी जगह पर निगम द्वारा नया सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा। इससे पहले इन दुकानों को तोड़ने के साथ ही चबुतरों को भी हटाया जाएगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि सब्जी व्यापारियों की शिफ्टिंग कहां होगी। इससे पहले की कवायद में मिशन स्कूल का मैदान तय किया गया था लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी।


बृहस्पति बाजार में नापजोख करती निगम की टीम।

ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। इसलिए योजना पर आगे काम नहीं बढ़ सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम मंगलवार की शाम बृहस्पति बाजार पहुंची और दुकानों का सर्वे करना शुरू किया। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई।

### 450 चबूतरे और 32 गोदामनुमा दुकानें

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है।ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया था। इसके बाद लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया।

### इस तरह का बनाया गया है पूरा प्रोजेक्ट

निगम ने जो योजना बनाई है उसके तहत इस मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था होनी है। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह बनाया जाना है। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे और द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें बनाई जानी है। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा भी है। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम बनना है। पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरें बनाएं जाने हैं जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहेगा। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना थी।

## थाने के सामने धरना देकर की जमकर नारेबाजी

# एफआईआर के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, थाने का घेराव कर किया हंगामा


सिविल लाइन थाने में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान खरीदी में अव्यवस्था, जर्जर सड़क, बिजली बिल में बढ़ोतरी और रजिस्ट्री फीस में बेतहाशा वृद्धि जैसे पांच सूत्रीय मांग को लेकर तत्कालीन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय की अगुवाई में कलेक्टोरेट का घेराव हल्लाबोल आंदोलन किया गया था। आंदोलन दौरान मुख्यमंत्री के पोस्टर साथ बदसलूकी का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सिविल लाइन थाना में दोनों अध्यक्षों के खिलाफ एफआईआर की मांग की थी। इसपर सिविल लाइन पुलिस ने अध्यक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया, जिसके विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने सिविल लाइन का घेराव कर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया था।

कांग्रेसजन पहले कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन थाना पहुंचे और बाहर एक तरफ की सड़कजाम कर धरना में बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजन राज्य की भाजपा सरकार पर जनहित के मुद्दों के आंदोलन को कुचलने और जनता का ध्यान भटकाने तथ्सस बदले की भावना से राजनीति करने का आरोप लगाए। पुलिस को जरिया बनाकर शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद भी मुख्यमंत्री के पोस्टर के बहाने एफआईआर दर्ज करा दी गई। उनका कहना था कि वास्वतिक मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। इसलिए युवा मोर्चा को सामने लाकर इस तरह की दूषित राजनीति खेली गई और एफआईआर कराया गया। एफआईआर के पीछे आगे आने वाले दिनों में कांग्रेस की ओर से होने वाले प्रभावी आंदोलनों को कुचलने का खेल खेला गया है। कांग्रेस के विरोध रैली को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सिविल लाइन थाने को छावनी में तब्दील कर दिया था। थाना परिसर के भीतर और बाहर बड़ी संख्या में पुलिस के अफसर और जवान तैनात थे।

### कांग्रेस के दोनों पूर्व अध्यक्षों ने दी गिरफ्तारी

पुलिस अफसरों की पहल पर तत्कालीन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय सिविल लाइन थाना में अपनी गिरफ्तारी दी। पूर्व में नगर निगम के घेराव के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू व पार्षद श्रीमती गायत्री साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था इसलिए आज उन्होंने भी गिरफ्तारी दी है। इस दौरान शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, तत्कालीन ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सियाराम कौशिक, पूर्व महापौर रामशरण यादव,राजेन्द्र साहू,पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, प्रदेश महामंत्री देवेंन्द्र सिंह,स्वप्निल शुक्ला,नेता प्रतिपक्ष भरत देवांगन आदि उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने बाजे गाजे के साथ किया प्रदर्शन



एनएसयूआई ने अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी गेट के सामने नुक्कड़ सभा और गाजे-बाजे के साथ विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ता हाथ में आइना लेकर यूनिवर्सिटी व उच्च शिक्षा विभाग को आइना दिखाए। बाद में रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम ने आकर उनकी बात सुनी उसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। अटल यूनिवर्सिटी में अनियमितताओं और दीक्षांत समारोह के नाम पर लाखों रुपए के दुरुपयोग को लेकर एनएसयूआई ने आज यूनिवर्सिटी गेट के सामने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ और नुक्कड़ सभा आयोजित कर हाथों में आइना लेकर यूनिवर्सिटी, उच्च शिक्षा विभाग को आइना दिखाए। एनएसयूआई का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन दीक्षांत समारोह में मनमानी कर भंडार क्रय नियमों की खुली अवहेलना कर रहा है। स्थाई रजिस्ट्रार नियुक्ति के बाद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर मनमर्जी से कार्य किए जा रहे हैं। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह का कहना है कि दीक्षांत समारोह के लिए पहले बिना निविदा प्रकाशित किए टेंडर जारी कर दिया गया और बाद में निविदा प्रकाशित की गई। इतना ही नहीं टेंडर की अंतिम तिथि समाप्त होने के पहले ही डोम लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम बाहर आकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से बात किए और यूनिवर्सिटी में पारदर्शिता का पालन करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, करन यादव, राजा खान, ओमप्रकाश, पंकज, विशु, अंशु, हरदेव, सुदामा, गौकरण, भूमिका राज, अक्षय त्रिपाठी, सुमित कुमार, शशांक भार्गव, अभिजीत साहू आदि शामिल थे।

### रेलवे रनिंग स्टाफ का 48 घंटे का उपवास शुरू



आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल दुर्घटनाओं की निष्पक्ष जांच के साथ अन्य मांगों को लेकर 48 घंटे का उपवास और जोन मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया, जिसमें जोन के तीनों डिवीजन के रनिंग स्टाफ बड़ी संख्या में शामिल हुए। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की केन्द्रीय समिति के आव्हान पर लोको रनिंग स्टाफ ने मंगलवार से विभिन्न मांगों को लेकर 48 घंटे का उपवास शुरु कर दिया है। रनिंग स्टाफ का यह आंदोलन सभी जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन सहित सभी क्रू लॉबी के सामने चल रहा है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सभी क्रू लॉबियों सहित रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने मुख्यालय में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में रनिंग स्टाफ धरने पर बैठे हैं। जोनल महासचिव वीके तिवारी का कहना है कि एसईसीएल प्रतिवर्ष लदान लक्ष्य के नए कीर्तिमान अर्जित करता है। इसके बावजूद जोन में लोकों रनिंग स्टाफ के 4541 पद खाली पड़े हैं, जिससे अत्यधिक कार्य घंटे ड्यूटी करना पड़ता है। समय पर विश्राम और अवकाश भी नहीं मिल रहा है, जिससे चालक, परिचालकों के स्वास्थ्य, परिवार व सामाजिक उत्तरदायिक्तवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। रनिंग स्टाफ के वेतन भत्तों में भी अप्रत्याशित कटौती की जा रही है। एक तरफ जहां 50 फीसदी महंगाई भत्ता होने से सभी केन्द्रीय कर्मचारी-अधिकारियों के भत्तों में 1 जनवरी 2024 से 25 फीसदी वृद्धि की गई है।

## 221 करोड़ में 116 किमी सड़कों का बिछेगा जाल, 8 जगहों का टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के भीतर व चारों ओर जल्द ही नई सड़कों का जाल बिछाया जाने वाला है। इसके अंतर्गत 18 सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया जारी है, वहीं आठ सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। दो सड़कों की तकनीकी स्वीकृति ली जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा 221 करोड़ की लागत से करीब 116 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

■ आठ सड़कों के टेंडर हुए, शेष प्रक्रिया में

खस्ताहाल सड़कों से आवागमन करके परेशान हो चुके लोगों को जल्द ही नई सड़कें मिलेंगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस साल के बजट में शासन द्वारा स्वीकृत 18 नई सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इनमें से कुछ सड़कों का टेंडर किया जा चुका है, वहीं कुछ प्रक्रिया में हैं। शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में नेहरू चौक से दर्रीघाट, हिर्री-धुमा-सिलपहरी, सिरगिट्टी-दगौरी-पासिद, झाल से नगपुरा, तारबाहर से नगपुरा, बिल्हा से एफसीआई गोडाऊन, दगौरी से मोहतरा, कर्मा-बरभाठा-सरगाढोढी, सीपत से भाड़ी पहुंच मार्ग, भदरापारा से बरभांठा, गोंदईया से कलमीटांड़, बहतरा से आमाकोनी, सोन से सोनसरी, बिनौरी से हरदी शामिल किया गया है। इन सभी सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। वर्ष 2016 में स्वीकृत सीपत से बिलासपुर जयरामनगर बाईपास का निर्माण भी इस साल किया जाना है। इस मार्ग में मुआवजा के पंद्रह प्रकरण शेष थे, जो सुलझा लिए गए हैं। ऐसे में अब 40 करोड़ की लागत से दस किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण भी किया जा सकेगा।

### इन सड़कों का निर्माण शुरू

शहर के भीतर गांधी चौक से तारबाहर के बीच सड़क निर्माण एवं रोड डिवाईडर लगाने का काम प्रगति पर है। इसी तरह चकरभाठा से हिर्री, हिर्री से बिल्हा, कडरी से सल्खा सड़क का निर्माण जारी है। रतनपुर से कोटा होते हुए लोरमी वाली सड़क का निर्माण पूर्णता की ओर है।

### निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

अठारह नई सड़कों के टेंडर प्रक्रिया में हैं। कुछ के निर्माण जारी हैं व दो सड़कों की तकनीकी स्वीकृति ली जा रही है। बहुत जल्द स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण प्रारंभ कर लिया जाएगा।

-सीएस विंध्यराज,
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

## दो बाइक में जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत

**बिलासपुर।** बीती रात दो बाइकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

■ घायल अस्पताल में भर्ती

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि 1 दिसंबर की रात 10.30 बजे बैमा नगोई निवासी अश्वनी सूर्यवंशी पिता राधेहरि सूर्यवंशी 25 साल बाइक में सवार होकर जा रहे थे। खमतराई अटल चौक के आगे सामने से आ रहे खमतराई निवासी अशोक सूर्यवंशी पिता पुन्नीराम सूर्यवंशी 40 साल ने तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दिया। हादसे में अश्वनी सूर्यवंशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं अशोक सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। 2 दिसंबर को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

# लावारिस हालत में जब्त की गई 2 लाख की सागौन, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लावारिस हालत में दो लाख की सागौन जब्त की है, जो स्कार्पियो में लोड की गई थी। सागौन लोड गाड़ी को छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसपर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में देर रात गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से बढ़ाते हुए बेलगहना की ओर भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड थी। कक्ष क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहां 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की। वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक शिव कुमार पैकरा, वन रक्षक संतकुमार वाकर, पंकज साहू, सोमप्रकाश जयसिंधु, वाहन चालक संतोष श्रीवास, चौकीदार ओम प्रकाश पांडेय, रामफल गोड़, देवलाल पाव सहित अन्य स्टाफ शामिल थे।



हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की कोटा (करगीरोड) में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7000789166, 9303508236

# शराबी दूल्हे के कारण दुल्हन ने तोड़ी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सगाई के दिन दूल्हा शराब पीकर आया और ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा था। उसकी हालत देखकर दुल्हन ने तत्काल शादी तोड़ दी। इससे नाराज दूल्हे ने दुल्हन व उसके भाई के साथ गाली गलौज कर धमकी दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि ओडिशा में रहने वाली एक युवती प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। उनकी ओडिशा बंधबाहाल निवासी किशन सिंह पिता स्व. राकेश सिंह से विगत 11 साल से जान पहचान थी। परिजन ने शादी करने के लिए सहमति भी दी थी। शिक्षिका के बड़े पिता बिलासपुर में रहते हैं। इसी कारण शादी का कार्यक्रम बिलासपुर में होना तय हुआ था। 26 नवंबर को सगाई व 27 नवंबर को शादी करने का कार्यक्रम था। सगाई व शादी की पूरी तैयारी अशोक वाटिका मैरिज रिसार्ट बिरकोना में होना तय किया गया। 26 नवंबर को सगाई के लिए दूल्हा पक्ष दोपहर में आना वाला था। दुल्हन पक्ष ने सगाई की पूरी तैयारी कर ली थी और दूल्हा पक्ष के आने का इंतजार कर रहे थे। दूल्हा पक्ष रात 9.30 बजे के बाद पहुंचा। इसी दौरान देखा गया कि होने वाला दूल्हा शराब के नशे में था। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था। उसकी स्थिति को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरे दिन सुबह अस्पताल से छुट्टी होकर घर पहुंचा तो दुल्हन व उसके परिवार वालों ने शराबी होने का हवाला देते हुए शादी से इनकार कर दिया। इस पर युवक किशन सिंह ने होने वाली दुल्हन व उनके पिता, मां, बड़े पिता के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शादी टूटने के बाद 27 नवंबर को किशन सिंह ने होने वाली दुल्हन के बड़े भाई को फोन कर तुम अपनी बहन की शादी मेरे साथ नहीं करा रहे हो कहते हुए भी अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

■ सगाई के दिन शराब पीकर आया दूल्हा

पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
80 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411